
प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें
https://dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+15 अंक 95 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी बुधवार 02 अगस्त 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4

पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....
पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

# एडवांटा कंपनी ने किसानों को दिया धोखा, संसद में उठी बात

## मानसून सत्र में सांसद ने किसानों एवं आम लोगों की आवाज की बुलंद



सिवनी यशोः- लोकसभा के जारी मानसून सत्र में बालाघाट सिवनी सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन द्वारा नियम 377 के अधीन तेलंगाना की बीज उत्पादक कंपनी एडवांटा द्वारा सिवनी जिले के किसानों को गुणवत्ताहीन अमानक स्तर का मक्का बीज बेचने एवं विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा भूमि स्वामी की सहमति बगैर उनकी भूमि में पोल और ट्रांसफार्मर लगाने का मामला सदन में रखा गया। सदन में रखें गये ये दोनों मामले किसानों एवं आम लोगों से सीधे जुड़े हुये है।

यह जानकारी सांसद के निज सचिव सतीश ठाकरे ने देते हुए बताया कि सांसद डॉ. बिसेन ने लोकसभा सत्र में नियम 377 के अधीन आसंदी का ध्यान आकृष्ट करते हुए बताया कि इस वर्ष खरीफ सीजन में सिवनी सहित म.प्र. के अनेक जिलों में किसानों द्वारा तेलंगाना प्रदेश की मक्का बीज उत्पादक कंपनी एडवांटा के अधिकृत स्थानीय वितरकों, दुकानदारों से मक्का बीज खरीदा गया। कंपनी द्वारा किसानों को जो बीज विक्रय किया गया वह अमानक स्तर का होने के कारण उसका अंकुरण नहीं हो पाया। बीज अंकुरित न होने से किसानों को फिर से बीज खरीदना पड़ा और दोबारा बोनी करनी पड़ी। कंपनी के द्वारा बेचे गये अमानक स्तर का बीज के कारण किसानों को न केवल दोबारा बीज खरीदना पड़ा बल्कि खाद, दवाएँ के साथ साथ दोबारा जुताई का खर्च भी उठाना पड़ा। किसानों द्वारा शिकायत के बावजूद समय पर कोई विभागीय कार्यवाही नहीं की गई। आर्थिक नुकसानी के चलते सिवनी जिले के एक किसान ने आत्मदाह का प्रयास तक किया। डॉ. बिसेन ने आग्रह किया कि अमानक स्तर का बीज सप्लाई करने वाली कंपनी का लायसेंस निरस्त करने के साथ ही जिन किसानों को नुकसान हुआ है उसकी भरपाई मुआवजा के रूप में की जाये।

श्री ठाकरे ने बताया कि किसी तरह सांसद डॉ. बिसेन द्वारा वर्तमान लोकसभा सत्र मेंनियम 377 के अधीन विद्युत वितरण कंपनियों की मनमर्जी का मामला उठाते हुए यह बात रखी गई कि विद्युत कंपनियों द्वारा अपने पोल, ट्रांसफार्मर निजी अथवा शासकीय भूमि में बिना भूमि स्वामी के संज्ञान के उसकी सहमति के बगैर लगा दिये जाते है। विद्युत कंपनी द्वारा इसके एवज में भूमि स्वामी को भूमि अधिग्रहण का न मुआवजा दिया जाता है और न ही किराया। विषम परिस्थिति तब उत्पन्न होती है जब भूमि स्वामी अपनी भूमि के उपयोग हेतु वहां लगे पोल या ट्रांसफार्मर को हटवाना चाहे तो विद्युत कंपनी नहीं हटाती और यदि हटाने को तैयार होती है तो इसके बदले भूमि स्वामी से भारी धन राशि वसूलती है। यहां तक की विद्युत कंपनी शासकीय विभागों से भी शिफ्टिंग के लिए भी राशि लेती है। डॉ. बिसेन ने यह मामला आसंदी के संज्ञान में लाते हुए यह मांग रखी कि विद्युत कंपनिया निजी अथवा शासकीय भूमि में भूमि स्वामी के बगैर अनुमति के पोल एवं ट्रांसफार्मर न लगाये और यदि लगाये तो किराया स्वरूप राशि का भुगतान करें।

# पार्षद के विरूद्ध लगी निर्वाचन याचिका खारिज



सिवनी यशोः- सिवनी नगर पालिका परिषद के पृथ्वीराज चौहान वार्ड क्रमांक 24 के भाजपा से निर्वाचित पार्षद रविशंकर उर्फ गुड्डा भांगरे के निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका आज मंगलवार को प्रधान जिला न्यायाधीश सिवनी ने निरस्त कर दिया ।

ज्ञात हो कि सिवनी नगर पालिका परिषद के निर्वाचन की एक निर्वाचन याचिका पृथ्वीराज चौहान वार्ड से भाजपा के निर्वाचित पार्षद रविशंकर भांगरे के निर्वाचन को शून्य घोषित किये जाने हेतु चुनाव में परास्त प्रत्याशी अधिवक्ता राज गोस्वामी ने जिला न्यायालय सिवनी में इस आधार पर चुनौती देते हुये प्रस्तुत की थी कि मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद पृथ्वीराज चौहान वार्ड की मतदाता सूची में गलत तरीके से अधिवक्ता नितेश हेडाऊ का नाम जोड़ा गया जिन्होंने चुनाव लड़ा और उन्हें 278 वोट मिले यदि उनका नाम गलत तरीके से नहीं जोड़ा जाता तो नितेश हेडाऊ को मिले 278 वोट मुझे मिलत और रविशंकर भांगरे चुनाव नहीं जीत पाते । ऐसी स्थिती में मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद अवैध रूप से नाम जोड़ने से पृथ्वी राज चौहान वार्ड क्रमांक 24 का चुनाव प्रभावित हुआ और मैं चुनाव हार गया ऐसी स्थिती में उक्त संपन्न चुनाव अवैध एवं शून्य घोषित किया जावे । विद्वान जिला न्यायाधीश महोदय सिवन ने उभय पक्षों की साक्ष्य एवं दलीलों के प्रकाश में अधिवक्ता राज गोस्वामी के द्वारा पृथ्वीराज चौहान वार्ड क्रमांक 24 में भाजपा के विजयी प्रत्याशी रविशंकर उर्फ गुड्डा भांगरे के विरूद्ध चुनाव शुन्य घोषित करने की याचिका को प्रमाणित न पाते हुये निरस्त कर दिया है ।

भाजपा के निर्वाचित पार्षद रविशंकर उर्फ गुड्डा भांगरें की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता प्रमोद सोनी एवं विनोद सोनी द्वारा पैरवी की गयी ।

# किशोर कुमार नाइट का भाजपा कार्यालय में भव्य आयोजन 04 अगस्त को



सिवनी यशोः- आगामी 4 अगस्त शुक्रवार को देश के सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक किशोर कुमार गांगुली के 94 वीं जयंती पर किशोर कुमार नाइट कार्यक्रम का आयोजित भारतीय जनता पार्टी के बारापत्थर स्थित कार्यालय में किया गया है। भाजपा जिला कार्यालय में यह आयोजन सुर मिले मेरा तु हारा संगीत संस्था के द्वारा भव्य रूप से किया जायेगा आयोजन समिति के संजय प्रताप सिंह ने बताया कि 04 अगस्त को शाम 7:30 बजे भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के तत्वाधान मं देश के सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक स्व. किशोर कुमार मध्यप्रदेश के गौरव को श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिये यह भव्य आयोजन किया जा रहा है । कार्यक्रम में बेहतर साऊंड सिस्टम,आकर्षक विद्युत व्यवस्था के बीच सुर मिले मेरा तु हारा संस्था के गायक कलाकारों द्वारा अपनी आवाज में किशोर कुमार के सदाबहार गीतों की सुमधुर प्रस्तुति दी जाएगी।

आयोजन समिति ने बताया कि इस आयोजन के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे सहित समस्त पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की गरिमामय उपस्थिती रहेगी । कार्यक्रम में किशोर दा के सदाबाहार गीतो की प्रस्तुति दी जायेगी वहीं स्व. किशोर कुमार जी के जीवन से जुड़े सुनहरे पलों से संबंधित क्विज भी श्रोताओं के लिये रखी गयी है । आयोजन समिति ने समस्त संगीत प्रमियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक सं या में उपस्थिती की अपील की है ।


# नपा सिवनी में दोहरे मापदंड: गरीब और अमीर में भेदभाव




सिवनी यशोः- सिवनी नगर पालिका में पदस्थ हुयी कांग्रेसी अध्यक्षीय परिषद नगर की आमजनता के साथ और खासकर गरीब जनता के साथ मनमाना व्यवहार कर रही है और यह परिषद जिस तरीके से दोहरे मापदंड अपना रही है वह स्पष्ट करता है कि यहाँ खुला आर्थिक कदाचरण हो रहा है । गरीब आमजनता को जहाँ नियम कानून का पाठ पढ़ाया जता है वहीं दौलतमंदें को नियम विरूद्ध काम करने की अनुमतियाँ दी जा रही है और उनके काम हाथो हाथ हो रहे है ।

यहाँ याद दिला दे कि कुछ दिन पूर्व सिवनी नगर पालिका परिषद का सारा अमला बुधवारी तालाब के किनारे दशको से निवास करने वाले झोपड़ी को हटाने के लिये पूरी ताकत लगाये हुये थे और परिषद के अध्यक्ष ने भी उन्हें धमकी भरे शब्दों में अपशब्द कहे थे जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया में जमकर वायरल हुआ था । बुधवारी तालाब के किनारे अपने अपने छोटे आवास बनाकर गरीब परिवार कई दशको से निवास कर रहे है इन्हें तालाब के किनारे से हटाने के लिये आदेश किये गये और इन्हें रातो रात कब्जे हटाने के लिये दबाव दिया गया वह तो भाजपा के नेताओं और नगर पालिका में भाजपाई पार्षदों ने विरोध कर उनके कब्जो को बचाने का प्रयास किया अन्यथा की स्थिती में नगर पालिका उन्हें हटाने के लिये पूरा प्रयास कर चुकी थी ।

जहाँ गरीबो के कब्जे हटाने नगर पालिका परिषद पूरी ताकत लगा रही थी वहीं इसी बुधवारी तालाब के किनारे पानी की वजह से गिर चुकी दुकानों को अनैतिक तरीके से अज्ञात व्यक्तियों द्वारा निर्माण किये जाने की कार्यवाही की जा रही है । भाजपा के पार्षदो ने सिवनी नगर पालिका परिषद से इस संबंध में जानकारी चाही है कि यह निर्माण किसके द्वारा किया जा रहा है ? किसकी दुकाने है ? या नगर पालिका परिषद के सक्षम अधिकारी द्वारा दुकानों के निर्माण की अनुमति दी गयी है ? इन प्रश्नों का नगर पालिका प्रशासन ने आज तक कोई जबाव नहीं दिया है ।



## तेरहवीं एवं गंगापूजन आज

पूर्व पालिका अध्यक्ष विजय चौरसिया के बड़े भाई अजय कुमार चौरसिया का निधन दिनांक 02 जुलाई 2023 को हो गया था जिनकी आत्मा की शांति हेतु तेरहवी एवं गंगापूजन का कार्यक्रम आज दिनांक 02अगस्त को निज निवास बाबूजी नगर बारापत्थर में किया गया है ।

**शोकाकुल परिवार अंकुश चौरसिया, अंकित चौरसिया (पुत्र), श्रीमती मंजुला चौरसिया (पत्नी), विजय चौरसिया (भाई)।**

# भाजपा का विधानसभा स्तरीय स मेलन आज

सिवनी यशोः- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के निर्देश पर एवं भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे के मार्गदर्शन में सिवनी जिला मु यालय की सिवनी विधानसभा में 02 अगस्त बुधवार को बाहुबली लॉन सिवनी में विधानसभा स मेलन आयोजित किया गया है । इस स मेलन में प्रदेश नेतृत्व द्वारा मु यवक्ता के रूप में मध्यप्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष कैबीनेट मंत्री दर्जा प्राप्त माननीय शैलेन्द्र बरूआ जी का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। स मेलनं को लेकर विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलों में बैठक सपन्न कर तैयारियाँ की गयी है । विधानसभा स्तर पर कार्यकर्त्ताओं का यह स मेलन आगामी चुनाव की दृष्टि से महत्वपूर्ण है ।



आयोजित होने वाले विधानसभा स मेलन के संबंध में विधान सभा संयोजक श्रीनिवास मूर्ति ने जानकारी देते हुये बताया कि स मेलन में विधानसभा क्षेत्र में निवासरत सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक प्रदेश पदाधिकारी, पूर्व प्रदेश पदाधिकारी,जिला भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष, सरकार द्वारा विभिन्न संस्थानों में मनोनीत सदस्य, पार्षद भाजपा समर्थित पंच, सरपंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, सभी मंडल कार्यसमिति, व मोर्चो की मंडल कार्यसमिति, शक्ति केन्द्र टोली, बूथ समिति, पन्ना प्रमुख आयोजित विधानसभा स मेलन में आपेक्षित है ।

श्री मूर्ति ने बताया कि विधानसभा स मेलन के लिये विधानसभा स्तर पर संचालन समिति का गठन किया गया है इस समिति के माध्यम से स मेलन से संबंधित व्यापक तैयारियाँ की गयी है और आपेक्षित श्रेणी को विधिवत आमंत्रण पत्र भेजे गये है । स मेलन 02 अगस्त को प्रातः 09 बजे से बाहुबली लॉन सिवनी में प्रारंभ होगा । जिसमें प्रदेश द्वारा निर्धारित मु यवक्ता शैलेन्द्र बरूआजी का मार्गदर्शी उद्बोधन के साथ भाजपा संगठन के नेतागण संगठन से संबंधी जानकारी और आगामी कार्यकार्य योजना पर चर्चा करेंगे । विधानसभा सं मेलन के संयोजक श्री निवास मूर्ति ने समस्त आपेक्षित श्रेणी से उपस्थिती का विनम्र आग्रह किया है ।

## जबरन नॉलेज




# अनैतिक रूप से पदोन्नति देने वालों पर कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित हो : जाँच अधिकारी



**2020 की जाँच में चंद्रिका सिंह ने स्टष्ट उल्लेख किया है कि हरवेंद्र बघेल को अवैध रूप से पदोन्नति प्रदान की गयी है । जाँच को दबा लिया गया और उन्हीं बिंदुओं पर पुनः जाँच हो रही है उसके बाद भी वनमंडल अधिकारी फर्जी तरीके से प्राप्त पदोन्नत उप वनक्षेत्रपाल को वन क्षेत्रपाल का प्रभार सौंपने के कर रहे आदेश**

सिवनी यशोः- सिवनी दक्षिण वन मंडल में पदस्थ अनैतिक तरीके से पदोन्नति पाने वाले उपवन क्षेत्रपाल हरवेन्द्र सिंह बघेल को पदोन्नति देने वाले जि मेदार अधिकारियों पर कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित करने एवं हरवेन्द्र बघेल को मिली पदोन्नति को अवैध करार देते हुए 5 दिसंबर 2020 को दक्षिण वन मंडल में पदस्थ तत्कालीन एसडीओ. चंद्रिका सिंह ने मु य वन संरक्षक सिवनी वृत को अपना जांच प्रतिवेदन सौंपा था। यह जांच एक समाजसेवी की शिकायत पर की गई थी। शिकायत कर्ता ने हरवेन्द्र बघेल को मिली पदोन्नति पर आपत्ति व्यक्त की थी ।

### विभागीय आदेश के अनुसार वरीयता की पात्रता नहीं

शिकायत कर्त्ता की शिकायत पर जांच अधिकारी दक्षिण वन मंडल के एसडीओ ने उल्लेख किया था कि हरवेन्द्र सिंह बघेल वन मंडल अधिकारी पश्चिम छिंदवाडा सामान्य वन मंडल के आदेश क्रमांक 344 दिनांक 22 जुलाई 1994 के द्वारा अनुकंपा नियुक्ति की गई है। अपर प्रधान मु य वन संरक्षक मध्यप्रदेश भोपाल के आदेश क्रमांक /स्था./ ए-2/1173 दिनांक 5 सितंबर 2002 द्वारा हरवेन्द्र सिह बघेल को स्वयं के व्यय पर परिक्षेत्र परासिया पश्चिम छिंदवाडा सामान्य वन मंडल से परिक्षेत्र सिवनी दक्षिण वन मंडल सिवनी किया गया था।दिनांक 15 जनवरी 2023 को पश्चिम छिंदवाडा सामान्य वन मंडल से भार मुक्त हुए हरवेन्द्र बघेल ने 16 जनवरी 2003 को दक्षिण सिवनी वन मंडल में अपनी आमद दर्ज की। जांच अधिकारी के अनुसार एक वन वृत से दूसरे वन वृत को स्थानांतरित हुए ( नियुक्त अधिकारी के अधिकार क्षेत्र से भिन्न स्थान ) मध्यप्रदेश शासन वन विभाग के पत्र क्रमांक 5759 / 10-1( 79/112 ) भोपाल दिनांक 21 दिसंबर 1979 कर्मचारी के स्वेच्छा अनुसार स्थानांतरण अपने क्षेत्र से स्वीकार किये गये स्थानांतरण पर उसी संवर्ग के कर्मचारियों में अन्य क्षेत्र में कनिष्टतम स्थान दिया जावे।

### वरीयता क्रम में अनैतिक परिवर्तन किया गया

विभागीय आदेश का पालन करते हुये वनरक्षक हरवेन्द्र बघेल वन वृत सिवनी के 1/04/2004 की स्थिति में जारी वरीयता सूची में उनकी वरीयता देने की तिथि दक्षिण सिवनी वन मंडल में उपस्थित होने की तिथि 16.01.2003 निर्धारित की गई 1 अप्रैल 2005को जारी वरीयता सूची में भी वरीयता 01 जनवरी 2003 निर्धारित की गई 01 अप्रैल 2006 की स्थिति में सिवनी दक्षिण वन मंडल द्वारा निर्धारित की गई वरीयता सूची में हरवेन्द्र सिंह की वरीयता 16.01.2003 ही निर्धारित की गई। परंतु मु य वन संरक्षक कार्यालय सिवनी द्वारा हरवेन्द्र सिंह बघेल की वरीयता सूची 16.01.2003 की जगह बिना उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं बिना किसी शासकीय आदेश के इस वरीयता सूची में परिवर्तन कर दिया गया और हरवेन्द्र सिंह बघेल को 23.07.1994 की वरीयता प्रदान करते हुये विभागीय पदोन्नति समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया और समिति को गुमराह करते हुयं कार्यालयीन आदेश क्रमांक 241 दिनांक 12.10.2009 के द्वारा वन रक्षक से वनपाल एवं वृत्त स्तरीय विभागीय पदोन्नति समितिकी अनुशंसा के आधार पर वन वृत्त सिवनी के कार्यालयीन आदेश क्रमांक /82 दिनांक 05 अप्रैल 2016 के द्वारा वनपाल से उपवन क्षेत्रपाल के पद पर पदौन्नत किया गया।

### अनैतिक पदोन्नति देकर शासन एवं प्रशासन को पहुँचायी गयी क्षति

जांच अधिकारी चंद्रिका सिंह ने अपना जांच प्रतिवेदन मु य वन संरक्षक सिवनी को 05 दिसंबर 2020 को सौपते हुयें स्पष्ट उल्लेख किया है कि हरवेन्द्र सिंह बघेल को वरीयता सूची में अनैतिक तरीके से परिवर्तन कर पदौन्नति दी गई है जो विभागीय नियमो के अनुरूप नही है। जांच अधिकारी चंद्रिका सिंह ने अपने प्रतिवेदन में लिखा हैकि हरवेन्द्र सिंह को अनैतिक तरीके से पदौन्नति प्रदान की गई है जो अवैध है और इससे शासन एवं प्रशासन को क्षति पहुंची है इस प्रकार की क्षति पहुंचाने वालो पर विभागीय एवं कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाऐ।

जानकारी के अनुसार चंद्रिका सिंह द्वारा की गई जांच और प्राप्त प्रतिवेदन को उच्च अधिकारियों ने अनैतिक प्रलो ान में आकर दबा दिया परंतु इससे हरवेन्द्र सिंह बघेल के समकक्ष कर्मचारी हुई जांच पर कार्यवाई के लिये उच्च अधिकारियों से आवेदन करते रहे परंतु उनकी आवाज को उच्चअधिकारी दबाते रहे और इस मामले की जिस व्यक्ति ने शिकायत की थी उने जांच प्रतिवेदन भी नही दिया गया वन विभाग की इस अंधेरगर्दी से विभागीय कर्मचारी जो अब सेवानिवृत है ने पुनः शिकायत की है और विभाग ने इस मामले की पुनः जांच कराने की ड्रामेवाजी शुरू कर दी है। इस मामले की जांच अब एसडीओ योगेश पटेल द्वारा करायी जा रही है।

### दोषी कर्मचारी को उच्चाधिकारी कर रहे उपकृत

जिस कर्मचारी की शिकायत की जांच चल रही हो पहले से ही जांच में जो प्रमाणित रूप से दोषी है उसे विभागीय अधिकारियों द्वारा उच्च पदो का प्रभार देकर उपकृत किया जा रहा है चल रही चर्चाओ के अनुसार इस प्रकार से उपकृत करने की बडी कीमत भी हरवेन्द्र बघेल से वसूल की जा रही है।

### शिकायतकर्त्ता न्यायालय का दरवाजा खटखटायेगा

अनैतिक रूप से पदोन्नति पाने वाले उपवन क्षेत्रपाल को सिवनी परिक्षेत्र का परिक्षेत्र अधिकारी का प्रभार देने के लिये मु य वन संरक्षक और दक्षिण वनमंडल अधिकारी द्वारा आदेश जारी किया जाना वन विभाग में चल रही अंधेरगर्दी का जीता जागता उदाहरण है। बताते है कि वरीष्ट अधिकारियों की उपेक्षा करते हुऐ हरवेन्द्र बघेल से करोडो रूपये के निर्माण कार्य सिवनी वृत्त के मुं य वन संरक्षक की जिद के कारण कराये जा रहे है। हालांकि शिकायत कर्ता वन विभाग के उच्च अधिकारियों की इस मानसिकता को चुनौती न्यायालय में देने की तैयारी कर रहे है।

# बढ़ते तापमान को कम करने और जलवायु परिवर्तन से लोगों को जागरूक करना जरूरी -मंत्री सखलेचा



भोपाल । विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने कहा है कि विश्व में बढ़ते तापमान को कम करने और जलवायु परिवर्तन के बारे में जागरूकता पैदा करने में विश्वविद्यालयों और स्वराज एनर्जी फाउंडेशन के प्रयास सफल होंगे। मंत्री श्री सखलेचा सोमवार को रविंद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, स्कोप ग्लोबल स्किल्स विश्वविद्यालय और एनर्जी स्वराज फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में जलवायु परिवर्तन के प्रति समाज के लोगों को जागरुक करने के लिए मध्यप्रदेश का 'स्टेट्स लार्जेस्ट` लाइमेट` लॉक असेंबली एंड डिस्प्ले इवेंट'को संबोधित कर रहे थे।

रविंद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय परिसर में हुए कार्यक्रम में मध्यप्रदेश सोलर एनर्जी के ब्रांड एंबेसडर और सोलरमेन ऑफ इंडिया के नाम से प्रसिद्ध प्रो. चेतन सिंह सोलंकी, डिपार्टमेंट ऑफ एनर्जी साइंस एंड इंजीनियरिंग इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टे नोलॉजी मुंबई उपस्थित थे।मंत्री श्री सखलेचा ने कहा कि श्री सोलंकी के उदबोधन से पता चला कि इस कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न उद्योग, विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, विद्यालय, अस्पताल सहित अन्य संस्थाओं ने 40-50` लाइमेट` लॉक को असेंबल किया है।


मंत्री श्री सखलेचा ने कहा कि श्री सोलंकी 2020 से इस मुहिम पर निकले हैं और विश्वास है कि वे ऊर्जा की बचत के साथ-साथ पर्यावरण का संरक्षण करने के प्रति देश ही नहीं अपितु विश्व के लोगों तक भी यह संदेश पहुँचाने में कामयाब होंगे। उन्होंने उ मीद जताई कि उनकी इस मुहिम से लोगों के जीवन में अवश्य ही बदलाव आएगा। मंत्री श्री सखलेचा ने विश्व में बढ़ते तापमान को कम करने और जलवायु परिवर्तन के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए आयोजित कार्यक्रम की सराहना की।

# वेद वेद-वेदांग की पुर्नप्रतिष्ठा और सांस्कृतिक जागरण के लिये समर्पित वेदान्त विभूति श्रीपाद दामोदर सातवलेकर

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और सुवि यात वेदान्त विभूति श्रीपाद दामोदर सातवलेकर की पुण्यतिथि

-रमेश शर्मा

भारत राष्ट्र के सांस्कृतिक गौरव का मूल वेद-वेदांग है, इसलिए विदेशी आक्रांताओं ने वेदों और उनकी महत्ता को धूमिल करने का प्रयत्न किया किंतु समय समय पर ऐसी विलक्षण विभूतियों ने जन्म लिया जिन्होंने अपना वेद-वेदांग के माध्यम से भारत राष्ट्र के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गौरव को पुर्नप्रतिष्ठित करने का काम किया। श्रीपाद दामोदर सातवलेकर ऐसी ही विभूति थे, भारत सरकार ने 1968 में उन्हें %साहित्य एवं शिक्षा% के क्षेत्र में पद्म भूषण से स मानित भी किया था।





उनका जन्म महाराष्ट्र में सह्याद्रि पर्वत शृंखला के दक्षिणी छोर पर स्थित सावंतवाड़ी क्षेत्र के एक छोटे से गांव %कोलगांव% में 19 सितंबर 1868 को हुआ था, यह गांव अब रत्नागिरि जिले के अंतर्गत आता है। इनके परिवार में वैदिक वातावरण था। पिता श्री दामोदर भट्ट, पितामह श्री अनंत भट्ट और प्रपितामह श्री कृष्ण भट्ट भी ऋग्वेदिक वैदिक परंपरा के मूर्धन्य विद्वान रहे हैं, इसलिए बालक श्रीपाद भी बचपन से वेदों का अध्ययन करने लगे। आठ वर्ष की आयु में उन की विद्यालयीन शिक्षा आरंभ हुई। आचार्य श्री चिंतामणि शास्त्री केलकर संस्कृत आचार्य बने। संस्कृत और वैदिक अध्ययन के साथ उन्होंने चित्रकला भी सीखी। वहां उन्हें मालवणकर जी गुरु के रूप में मिले, उनके पिता श्री दामोदर भट्ट भी चित्रकला में प्रवीण थे अत~ घर की दीवारों पर श्रीपाद की चित्रकारी निखरने लगी। मूर्तिकला में भी उनका कोई सानी नहीं था, चित्रकला में निपुण होकर उन्होंने हैदराबाद में अपनी चित्रशाला स्थापित की। अपने व्यवसाय के साथ-साथ उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में भी उत्साहपूर्वक भाग लेना आरंभ किया। और अपने लेखों के माध्यम से समाज जागरण आरंभ किया। उनके लेखन का आधार वेद ही होते थे। बंदी बनाये गए और तीन वर्ष कारावास में रहे। जेल से मुक्त हुये तो परिवार ने उनका विवाह कर दिया, उन्हे वैदिक विद्वान साधले परिवार की पुत्री सरस्वती देवी पत्नि के रूप में मिली । विवाह के एक वर्ष बाद श्रीपाद जी आजीविका के लिये मु बई पहुंचे लेकिन चित्रकारी वेद-वेदांग का अध्ययन यथावत रहा। चित्रकारी और शिल्पकला में उन्हे दो बार सर्वोत्तम ÷मेयो पदक÷ पुरुस्कार मिला । 1893 में मु बई के जे.जे. स्कूल ऑफ आर्ट में शिक्षक के रूप में नियुक्ति हो गयी।

सन् 1900 में श्रीपाद मु बई छोड़कर वापस हैदराबाद आ गए। वे यहाँ तेरह वर्ष रहे और अपने समय के सुप्रसिद्ध चित्रकार देउस्कर जी की सहायता से एक स्टूडियो बनाया। यहीं उनका संपर्क आर्य समाज से हुआ और वे आर्य समाज की वेदांत गोष्ठियों में भाग लेने लगे। उनकी व्या या और तर्क से समूचा वैदिक विद्वान समाज प्रभावित हुआ। उन्होंने आर्य समाज के लिये ÷सत्यार्थ प्रकाश÷, ÷ऋग्वेदादि भाष्य भूमिका÷ व ÷योग तत्वादर्श÷ का मराठी में अनुवाद भी किया।

वेदों के अर्थ और आशय का जितना गंभीर अध्ययन और विश्लेषण श्रीपाद सातवलेकर जी ने किया उतना कदाचित् ही किसी अन्य भारतीय ने किया हो। वैदिक साहित्य के संबंध में उन्होंने अनेक लेख लिखे और उन्होंने विवेक वर्धिनी नामक शिक्षा संस्थान की भी स्थापना की। राष्ट्रीय विचारों से ओतप्रोत आपकी ज्ञानोपासना निजाम प्रशासन को अच्छी न लगी और उन पर दबाब आया अतैव हैदराबाद छोड़ना पड़ा। वे हैदराबाद से चलकर हरिद्वार पहुँचे, विद्वानों से मिले और 1918 मे औंध पहुँचे। यहाँ वे पुनः स्वतंत्रता आंदोलन और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से जुड़े व स्वदेशी पर व्या यान देने शुरू किये। 1919 में उन्होंने औंध में ÷स्वाध्याय मण्डल÷ की स्थापना की, ऋग्वेद, सामवेद, यजुर्वेद और अथर्ववेद का अनुवाद करना आरंभ किया जो प्रकाशित भी हुआ। 1919 में ही उन्होंने हिन्दी में ÷वैदिक धर्म÷ मासिक और 1924 में मराठी ÷पुरुषार्थ÷ पत्रिकाओं का प्रकाशन शुरू किया। पंडित सातवलेकर ने छात्रों तथा सामान्य पाठकों के लिए वेदों की भाषा को सरलता पूर्वक समझ सकने योग्य बनने हेतु ÷संस्कृत स्वयं शिक्षक÷ पुस्तकमाला का लेखन किया।

1936 में सतारा आये यहाँ उनका संपर्क राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से के संस्थापक डो टर केशव बलिराम हेडगेवार जी से हुआ और वे संघ से जुड़ गये । उन्हें औंध रियासत के संघचालक का दायित्व मिला। उन्होंने पूरे क्षेत्र में प्रवास कर नयी शाखाएं आर भ कीं। सोलह वर्षों तक उन्होंने संघ का काम देखा और कार्य विस्तार किया। इसी बीच 1942 में ÷अंग्रेजो भारत छोड़ो÷ नाम से स्वाधीनता आंदोलन का आव्हान हुआ, श्रीपाद जी इस आँदोलन में सक्रिय हो गये जिसमें गिर तार होकर जेल भी गये। अथक परिश्रम के कारण उनकी शारीरिक शक्ति क्षीण होने लगी थी। वे अस्वस्थ भी रहने लगे थे इसी कारण वह रिहा कर दिये गये। जेल से आकर वे पूरी तरह वेद-वेदांग में लग गये। सातवलेकर जी ने कोई 409 ग्रंथों की रचना की। इनमें सर्वाधिक प्रतिष्ठ उनके वेद-भाष्यों को मिली है। आचार्य सायण के वेद-भाष्य के बाद इन्हीं का वेद-भाष्य हिन्दी में सर्वाधिक प्रमाणिक माना जाता है। आपके द्वारा संकलित ÷वैदिक राष्ट्रगीत÷ तो अद्भुत ग्रंथ है। यह एक साथ ही मराठी एवं हिंदी भाषाओं मु बई और प्रयागराज दोनों स्थानों से प्रकाशित हुआ। उनके द्वारा सृजित राष्ट्रशत्रु का विनाश करने में सक्षम वैदिक मंत्रों के इस संग्रह से उन शक्तियों को गहरी ठेस लगी जो भारत में भारतीयों को भ्रमित कर मतान्तरण का षड्यंत्र कर रहीं थीं। इनमें कुछ मिशनरीज शक्ति आगे थी । उनके दबाब में अंग्रेजी सत्ता ने इस ग्रंथ पर प्रतिबंध लगाया और इसकी सभी प्रतियाँ जब्त करके नष्ट करने का आदेश दे दिया। जिनपर से प्रतिबंध स्वतंत्रता के बाद ही उठ सका।

उनके द्वारा ऋग्वेद का सुबोध भाष्य चार खण्डों में, यजुर्वेद का सुबोध भाष्य दो खण्डों में, सामवेद का सुबोध अनुवाद अथर्ववेद का सुबोध भाष्य चार खण्डों में प्रकाशित हुआ। इनके अतिरिक्त ऋग्वेद मूल संहिता, यजुर्वेद मूल संहिता, सामवेद मूल संहिता, अथर्ववेद मूल संहिता, यजुर्वेदीय काठक संहिता, यजुर्वेदीय मैत्रायणी संहिता, यजुर्वेदीय काण्व संहिता तथा कृष्ण यजुर्वेदीय तैत्तिरीय संहिता उनके प्रमुख ग्रंथ हैं। उन्हें 9 जून 1968 को पक्षाघात हुआ और 31 जुलाई 1968 को एक सौ एक वर्ष की आयु में उन्होंने संसार से विदा ली । आज वे हमारे बीच नहीं हैं पर वैदिक साहित्य को पुनप्रतिष्ठित करने में उनका जो योगदान है उसके प्रति भारतीय सनातन समाज सदैव ऋणी रहेगा ।

# भाजपा का कार्यकर्ता देवदुर्लभ, संकल्प लेता है तो उसे पूरा भी करता है: नरेंद्रसिंह तोमर

**केंद्रीय मंत्री ने कहा-भाजपा की डबल इंजन सरकार ने प्रदेश का चहुंमुखी विकास किया**

**रीवा और कटनी के बरई में हुए कार्यकर्ता स मेलनों को केंद्रीय कृषि मंत्री ने किया संबोधित**



रीवा/कटनी। हमारा लक्ष्य है कि 2027 जब आए, तो भारत माता परम वैभव पर स्थापित हो। मध्यप्रदेश स्वर्णिम मध्यप्रदेश बने और भारत श्रेष्ठ भारत बने। इसके लिए 2023 का विधानसभा चुनाव और 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को जीतना जरूरी है। हमारा कार्यकर्ता देवदुर्लभ है, वह जब भी कोई संकल्प लेता है तो उसे पूरा भी करता है। चुनाव एक चुनौती की तरह होते हैं और सच्चा कार्यकर्ता वह है, जो इस चुनौती को स्वीकार करके विजय प्राप्त करता है। इसलिए आज से ही संकल्प लेकर जुट जाएं। यह बात केंद्रीय कृषि मंत्री एवं मध्यप्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक श्री नरेंद्रसिंह तोमर ने रीवा के पीआरएस ग्राउंड और कटनी के बरही में आयोजित कार्यकर्ता स मेलनों को संबोधित करते हुए कही। रीवा में आयोजित स मेलन को सांसद श्री जनार्दन मिश्रा, जिला अध्यक्ष श्री अजयसिंह एवं विधायक श्री राजेंद्र शु ला ने भी संबोधित किया।

**भाजपा सरकार न होती, तो या इतना विकास होता?**

केंद्रीय मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश का चहुंमुखी विकास किया है। जीडीपी की दृष्टि से म.प्र. अग्रणी राज्य है। जल्द ही एग्रीकल्चर में न 1 दिखाई देगा। सड़कों के निर्माण और औद्योगिक विकास में भी अग्रणी राज्य है । बाणसागर परियोजना वर्षों तक लंबित रही, जिसे भाजपा सरकार ने पूरा किया। श्री तोमर ने कहा कि 2003 में जब भाजपा की सरकार बनी तब प्रधानमंत्री सड़क योजना को दो साल बीत चुके थे, लेकिन कांग्रेस की सरकार ने एक सड़क बनाने का काम भी नहीं किया था। लोग नारे लगाते थे चारो तरफ अंधेरा है पहरेदार लुटेरा है । हम सरकार में आए तो हमने लाडली लक्ष्मी योजना के द्वारा बेटियों के आर्थिक सशक्तिकरण का काम किया । अब म.प्र. में प्रति व्यक्ति आय 1 लाख 40 हजार है, जो 2003 में कांग्रेस सरकार के दौरान 11 हजार रुपये होती थी। जरा सोचिए कि अगर भाजपा सरकार नहीं होती, तो` या सड़क, बिजली ,पानी के काम होते? इतना विकास होता?

**विकास के लिए डबल इंजन वाली सरकार जरूरी**

श्री तोमर ने कहा कि मध्यप्रदेश के किसान सहित आमजन आज खुशहाल हैं। बहनें आज लाड़ली बहना बन गई हैं। प्रदेश में सड़कों का जाल बिछा है, सिंचाई के साधन सृजित हुए हैं। भाजपा की सरकार मध्यप्रदेश में परिवर्तन लाई है। गरीब, किसान के जीवन में बदलाव लाने के लिए हमारे केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत जैसी योजनाएं लागू कीं। किसानों को केंद्र सरकार और राज्य सरकार ने 6-6 हजार स मान निधि मिल रही है। सिर्फ इतना ही नहीं, हमारी केंद्र सरकार ने घरों में शौचालय बनवाने, जनधन खाते खोलने, उज्जवला योजना में गैस कने शन देने जैसे काम किए हैं। हम सब जानते हैं कि जब केन्द्र में हमारी सरकार नहीं थी, तो विकास का काम प्रदेश की भाजपा सरकार को अकेले ही करना पड़ता था। लेकिन अब केन्द्र में श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार है और इस सरकार के आने के बाद प्रदेश की शिवराज सरकार लगातार विकास के आयाम स्थापित कर रही है। इससे स्पष्ट है कि विकास के लिए डबल इंजन वाली सरकार जरूरी है।

**मोदी जी के नेतृत्व में देश में आया आमूलचूल परिवर्तन**

श्री तोमर ने कहा कि कांग्रेस सरकार के प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कहा था कि जब हम 1 रुपया भेजते हैं, तो जरूरतमंद व्यक्ति तक 85 पैसे ही पहुंच पाते हैं। लेकिन अब देश में मोदी सरकार है और केंद्र से 6 हजार रुपये चलता है, तो संबंधित व्यक्ति तक 6 हजार ही पहुंचता है। आप जानते हैं कि भाजपा ने भ्रष्टाचार, अनैतिकता, राजकता से कभी समझौता नहीं किया। मोदी सरकार भ्रष्टाचार पर जो प्रहार कर रही है, उसी प्रहार का ही परिणाम है कि आज भ्रष्ट नेताओं का महागठबंधन बन रहा है। कांग्रेस की सरकारें आतंकवाद के खिलाफ कभी हि मत नहीं दिखा पाती थीं, लेकिन मोदी जी की सरकार ने आतंकवादियों के घर में घुसकर प्रहार किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में अमलूचल परिवर्तन आया है। आज पूरे देश व प्रदेश में अलग प्रकार का परिवर्तन दिखाई दे रहा है। आने वाले कल में भारत, श्रेष्ठ भारत बने, इसकी तैयारियां शुरू हो गई हैं।

## मंत्रालय में हुआ राष्ट्र-गीत "वंदे-मातरम" एवं राष्ट्र-गान "जन-गण-मन" का सामूहिक गायन

भोपाल । अगस्त माह के प्रथम शासकीय कार्य दिवस पर मंत्रालय स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में राष्ट्र-गीत ÷वंदे-मातरम÷ एवं राष्ट्र-गान ÷जन-गण-मन÷ का सामूहिक गायन हुआ। पुलिस बैंड ने देश-भक्ति से ओत-प्रोत सुमधुर धुनें प्रस्तुत कीं। सामूहिक गायन में मु य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, अपर मु य सचिव सामान्य प्रशासन श्री विनोद कुमार सहित मंत्रालय, सतपुड़ा और विंध्याचल भवन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## राष्ट्रपति मुर्मू तीन अगस्त को भोपाल आएंगी

भोपाल। राजधानी भोपाल में एशिया के सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय साहित्य उत्सव~ उन्मेष और लोक एवं जनजातीय प्रदर्शन कलाओं का राष्ट्रीय उत्सव %उत्कर्ष% कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 3 से 6 अगस्त तक तीन दिवसीय चलने वाले कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा किया जाएगा। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर आयोजित हो रहे कार्यक्रम को साहित्य अकादमी नई दिल्ली, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार और संस्कृति विभाग मध्य प्रदेश सरकार द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। इसमें साहित्य अकादमी नई दिल्ली द्वारा उन्मेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय साहित्य उत्सव~ उन्मेष जो कि अभिव्यक्ति का उत्सव है। इसमें 75 से अधिक कार्यक्रमों में लगभग 100 भाषाओं के 575 से अधिक लेखक भाग लेंगे। इसके अलावा 13 अन्य देशों के लेखक भी उत्सव में शामिल होंगे। वहीं, संगीत नाटक अकादमी द्वारा उत्कर्ष शीर्षक से लोक एवं जनजातीय प्रदर्शन कलाओं का राष्ट्रीय उत्सव आयोजित किया जाएगा।

# सीहोर पुलिस ने किया मोबाइल चोरों के अंतरराष्ट्रीय गिरोह का भंडाफोड़

भोपाल। राजधानी भोपाल के नजदीकी जिले सीहोर में पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय चोर गिरोह को गिर तार किया है. यह आरोपी भारत में मोबाईल की चोरी कर उन्हें कोलकाता के रास्ते में बांग्लादेश में बेचा करते थे.पुलिस ने इस मामले में आठ लोगों को गिर तार कर उनके कब्जे से 50 से अधिक मोबाइल फोन जब्त किया है. इन आरोपियों ने बीते दिनों गोपालपुर में आयोजित सीएम शिवराज सिंह चौहान के कार्यक्रम के दौरान कई मोबाइल चुराए थे.

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 25 जुलाई को फरियादी शाहिल पिता असलम शाह उम्र 18 साल निवासी जामा मस्जिद के पास थाना भैरुंदा ने थाना रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि कस्बा गोपालपुर में कार्यक्रम में शामिल होने गया था. वहां से कोई अज्ञात चोर उसका वीवो कंपनी का मोबाइल चुरा ले गया. उस दिन कई अन्य फरियादियों ने अपने मोबाइल के चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी. आरोपियों की तलाश शुरू की थी. इस मामले की गंभीरता को देखते हुए सीहोर पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने थाना प्रभारी गोपालपुर



निरीक्षक आरके और थाना प्रभारी भैरुंदा निरीक्षक कंचन सिंह ठाकुर के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की थी.इस टीम ने मुखबिर की सूचना पर पांडागांव से तीन संदिग्ध लड़कों को पकड़ा. इन लड़कों ने मोबाइल चुराना स्वीकार किया. उनसे चोरी के मोबाइल भी जब्त किए गए. कर चुराए हुए मोबाइल जप्त कराए. इन गिर तार लड़के से पूछताछ के आधार पर उनके अन्य साथियों को गांधीनगर भोपाल से पकड़ा गया. उनसे मोबाइल और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की गई.

इस मामले में पुलिस ने अबतक आठ आरोपियों को गिर तार किया है. तीन नाबालिग भी पकड़े गए हैं. इनमें भोपाल के गांधीनगर निवासी 20 साल के सतीश पारदी, भोपाल निवासी 19 साल का सुक्कट्टी गुजराती, गुना निवासी 19 साल का दीपक पारदी, भोपाल निवासी 23 साल का कबीर उर्फ कवींद्र, विदिशा निवासी 21 साल का अलकइया. पुलिस ने इनके कब्जे से 50 से अधिक मोबाइल फोन और तीन बाइक बरामद की हैं. एक और अपराधी चपला पारदी की तलाश की जा रही है.

आरोपियों ने पुलिस को पूछताछ में बताया है कि वे वारदात के लिए बाजार हाट, रैली, धार्मिक आयोजन व अन्य भीड़भाड़ वाली जगह देखते थे. वहां से वे मोबाइल चुराते थे. चोरी के इन मोबाइल को वे कोलकाता के रास्ते बांग्लादेश पहुंचा देते थे.

# किसानों के हित में सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी - मु यमंत्री चौहान

## मु यमंत्री ने खातेगांव में 1294 करोड़ से अधिक की हंडिया बैराज माइक्रो उदवहन सिंचाई परियोजना का भूमि-पूजन किया

**परियोजना का नाम बाबा सिद्धनाथ परियोजना और हरणगांव को तहसील बनाने की घोषणा**

भोपाल । मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने देवास जिले की खातेगांव विधानसभा में 1294 करोड़ से अधिक की हंडिया बैराज माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का भूमि-पूजन किया। मु यमंत्री ने हंडिया बैराज माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का नाम बाबा सिद्धनाथ परियोजना करने और हरणगांव को तहसील बनाने की घोषणा भी की।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि किसानों के हित में सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी, किसानों का जीवन बेहतर बनाने के लिए, सरकार निरन्तर कार्य रही है। जब तक खेती फायदे का धन्धा नहीं बन जाती तब तक सरकार चैन की सांस नहीं लेगी। किसानों के कल्याण के लिए सभी संभव कदम उठाये जा रहे हैं। हमने खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए इस क्षेत्र में नर्मदा का पानी खेतों तक पहुँचाया है। किसानों के लिए फसल ऋण के ब्याज का प्रतिशत घटाकर शून्य कर दिया है।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हम सभी विशाल परिवार हैं। हम प्रदेश में सरकार नहीं परिवार चला रहे हैं। जिस प्रकार एक परिवार में हर सदस्य के हितों का पूरा ध्यान रखा जाता है, उसी प्रकार प्रदेश में भी हर व्यक्ति के कल्याण के कार्य किये जा रहे हैं। गरीब किसानों को वर्ष में मिलने वाली स मान निधि की राशि 12 हजार रूपये की गई है।



मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पुरानी सरकार ने जन-कल्याण की बहुत सी योजनाएँ बंद कर दीं। हमारी सरकार ने किसानों का 2200 करोड़ रूपये का ब्याज भर कर उन्हें ऋण मुक्त किया है और शून्य प्रतिशत ब्याज पर उन्हें फसल ऋण दिया जा रहा है। पुरानी सरकार ने संबल और मु यमंत्री तीर्थ-यात्रा योजना बंद कर दी तथा मु यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना की राशि नहीं दी। हमारी सरकार ने सभी योजनाएँ दोबारा चालू की। अब बुजुर्गों को हवाई जहाज से भी तीर्थ-दर्शन कराया जा रहा है।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लाड़ली बहनों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए हर महीने बहनों के खाते में एक हजार रुपए आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही बहनों के खाते में आने वाली राशि एक हजार से बढ़ाकर धीरे-धीरे तीन हजार तक कर दी जायेगी। लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ प्रदेश की 45 लाख से अधिक बेटियों को दिया जा रहा है। प्रदेश में 1.25 करोड़ लाड़ली बहनें हैं। अब 21 वर्ष की बहनों और ट्रै टर वाले 5 एकड़ से कम भूमि वाले परिवार की बहनों को भी लाड़ली बहना योजना की पात्रता है। पंचायतों एवं नगरीय निकायों में 50 प्रतिशत आरक्षण के कारण आज बहनें सरकार चला रही हैं। मु यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बहनों की इज्जत और मान-स मान का पूरा ध्यान रखा जाता है। शराब के अहाते बंद कर दिये गये हैं। बहनों के प्रति दुराचार करने वालों को फाँसी की सजा का प्रावधान है। साथ ही दुराचारियों के घरों पर बुलडोजर चलाये जा रहे हैं।

### हंडिया बैराज माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना

**परियोजना में नर्मदा नदी से देवास जिले की खातेगांव तहसील के नजदीक ग्राम - कुण्डगांवखुर्द से 12.60 यूमेक जल उद्वहन कर देवास जिले के 72 ग्रामों में पहुँचाया जाएगा और 25 मेगावॉट विद्युत उत्पादन होगा। इससे हंडिया बैराज परियोजना से खातेगांव तहसील में 35000 हे टेयर क्षेत्र में सिंचाई प्रस्तावित है। हरणगांव सहित छूटे हुए अन्य ग्रामों का सर्वे कर परियोजना का विस्तार किया जायेगा।**

मु यमंत्री ने कहा कि मैं बेटे-बेटियों की पढ़ाई में पैसों की बाधा नहीं आने दूँगा। बच्चों को किताब, गणवेश, सायकल, लेपटॉप के साथ ही अब टॉप करने वाले विद्यार्थियों को स्कूटी भी दी जा रही है। मेधावी विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा की फीस भी सरकार भरवाएगी। प्रदेश में एक लाख पदों पर सरकारी भर्ती की जा रही है, स्व-रोजगार के लिये ऋण दिलाये जा रहे हैं और मु यमंत्री सीखो-कमाओ योजना में प्रशिक्षण के साथ मानदेय भी दिया जा रहा है। हर हाथ को काम दिया जा रहा है।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कन्या-पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पुष्प-वर्षा कर बहनों का अभिनंदन किया। मंच पर बहनों ने मु यमंत्री को राखी बांधी। नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण द्वारा परियोजना से जुड़ी लघु फिल्म भी दिखाई गई।

जल संसाधन मंत्री श्री तुलसी सिलावट, कृषि मंत्री श्री कमल पटेल, सांसद श्री रमाकांत भार्गव, विधायक सर्वश्री आशीष शर्मा, मनोज चौधरी और पहाड़ सिंह कन्नौजे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लीला अटारिया, देवास विकास प्राधिकरण अध्यक्ष श्री राजेश यादव, श्री राजीव खण्डेलवाल, पूर्व विधायक श्री राजेन्द्र वर्मा, अन्य जन-प्रतिनिधि एवं बड़ी सं या में लाडली बहनों, किसान सहित विशाल जनसमूह उपस्थित था।

# 24 साल से सिंचाई विभाग से जमीन की मांग कर रहा पीड़ित

## डूब में गई जमीन के एवज में सिंचाई विभाग की तकनीकी त्रुटि से नही मिली जमीन



छपारा यशोः- संजय सरोवर परियोजना के तहत आज से लगभग 45 वर्ष पहले भीमगढ़ ग्राम के किनारे से बहने वाली बैनगंगा नदी पर इस परियोजना की नींव रखी गई थी। बांध का कार्य पूर्ण होने के बाद उसके जलभराव क्षेत्र में जितनी जमीने, मकाने डूब में आए उनको उस समय शासन द्वारा विधिवत नाप जोख करके शासन की ओर से मुआवजा दिया गया, साथ ही नदी तट के किनारे डूब क्षेत्र में आने वाले मकानों मैं रहने वाले लोगों को अन्यंत्र विस्थापित किया गया था। किंतु इसके बाद भी विभाग के सर्वे मैं नाम आने के बाद भी कुछ हितग्राही ऐसे भी रहे जिन्हें आज के वर्तमान समय में भी विस्थापन हेतु जमीन नहीं मिल पाई। ऐसा ही एक मामला छपारा नगर के बैनगंगा नदी तट स्थित कु हारी वार्ड के निवासी छिददी लाल यादव के पुत्र रमेश यादव जो कि सन 1998 से सिंचाई विभाग से उनके पिता की नाम पर डूबी हुई जमीन के एवज में विभाग द्वारा विस्थापन का पट्टा नहीं मिलने पर, वह 1998 से सिंचाई विभाग से लेकर राजस्व विभाग तक के चक्कर लगा रहे हैं किंतु उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

रमेश पिता छिददी लाल यादव द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार नगर के कु हारी वार्ड मैं उनके बड़े पिता तुलसीराम यादव और पिता छिददी लाल यादव दोनों भाइयों के नाम पे एक मकान था जो डूब क्षेत्र में चला गया, ग्राम पंचायत के भू अभिलेखों में भी उक्त दोनों भाइयों का नाम दर्ज था जिसका भू अर्जन अधिकारी द्वारा जो जमीन अर्जित की गई थी उसका प्रमाण पत्र भी शासन द्वारा जारी किया गया किंतु सिंचाई विभाग के सर्वे मैं उनके बड़े पिता तुलसीराम यादव को डूब की भूमि के एवज ने एक पट्टा 30म 50 का दिया गया, किंतु शासन के रिकॉर्ड में मेरे पिता स्वर्गीय छिददीलाल यादव का भी नाम दर्ज था इसी वजह से उनके नाम से भी सिंचाई विभाग द्वारा विस्थापन का पट्टा जारी किया जाना था, आगे रमेश यादव ने बताया कि सिंचाई विभाग के सर्वे के अनुसार वार्ड के अन्य दूसरे लोगों को एक मकान मैं उक्त चार भाइयों का हिस्सा था तो 4 पट्टे अलग-अलग दिए गए जिसका उन्होंने अपने आवेदन में उल्लेख भी किया है। इसी बात को आधार बनाते हुये वह भी अपने पिता के हिस्से की जमीन सिचाई विभाग से माँग कर रहे हैं।

वही इस पूरे प्रकरण में1998 से सिंचाई विभाग से अपने पिता के हिस्से की मांग कर रहे रमेश यादव द्वारा कई बार केवलारी स्थित सिंचाई विभाग के मु य कार्यालय में आवेदन किया गया इसके साथ ही गत 2 माह पूर्व दिस बर में अनुविभागीय अधिकारी लखनादौन को भी संपूर्ण दस्तावेजों के साथ आवेदन किया गया, सीएम हेल्पलाइन में भी इस मामले की शिकायत की गई किन्तु हर जगह आश्वासन ही हाथ लगा किंतु समस्या का समाधान नहीं हो पाया इतने वर्षो में भी समस्या का समाधान ना होना समझ से परे है, इसके बाद भी रमेश यादव द्वारा हार ना मानकर लगातार अपने आवेदन लेकर हर राजनीतिक और प्रशासनिक अधिकारी के पास जाते हैं किंतु शायद उस पर जि मेदारों के द्वारा ध्यान ना देकर रद्दी की टोकरी में फेंक दिया जाता है इसी वजह से वर्तमान समय में भी इनकी समस्या का निराकरण नहीं निकल पाया। वहीं सिंचाई विभाग के एसडीओ उदयभान मर्सकोले से इस मामले पर चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि मामला काफी पुराना है मेरे संज्ञान में नहीं है मैं अपने संज्ञान में लेकर इनके सभी दस्तावेजों की जांच की जाएगी और यदि यह पात्र होंगे तो उचित कार्यवाही की जायेगी।

**इनका कहना है:-**

इस मामले की स पूर्ण जानकारी ली जायेगी दस्तावेजो कि जाँच कर उचित कार्यवाही की जायेगी।

**आर.डी.चौधरी**
**अनुविभागीय कार्यपालन यंत्री**
**सिंचाई विभाग केवलारी**

# बम-बम भोले गंगाजल कांवड़ यात्रा का षष्ठम् चक्र 13 अगस्त को

## बैनगंगा के उद्गम स्थल मुण्डारा से, स मलित होंगे अनेक भक्त

सिवनी यशोः- श्रावणमास में भक्तजन श्रावण मास में भक्तजन



पुण्य सलिला बैनगंगा के उद्गम स्थल मुंडारा से गंगाजल का कांवड़ में लेकर पैदल चलते हुये मातृधाम पहुंचते हैं वहां रात्रि विश्राम के बाद दूसरे दिन भगवत्पूज्यपाद धर्मसम्राट् अनन्तश्री विभूषित ज्योतिष् एवं द्वारका-शारदापीठाधीश्वर विभूषित जगदगुरु शंकराचार्य जी महाराज की पावन जन्मस्थली में विराजमान विश्व के अद्वितीय स्फटिक शिवलिंग श्री गुरुरत्नेश्वर भगवान का जलाभिषेक कर अनन्त पुण्य लाभ अर्जित करते हैं। सन् 1999 में परमपूज्य जगद्गुरु शंकराचार्य जी के परमशिष्य मातृधाम के प्रभारी रहे परम आदरणीय पं श्री गौरीशंकर जी तिवारी ने पूज्यपाद श्री गुरुदेव भगवान की आज्ञा को शिरोधार्य कर अनेक गुरु भक्तों के साथ यह बम बम भोले गंगा जल कावड़ यात्रा का श्रीगणेश किया। आज लगभग 25 वर्ष इस अनंत पुण्य फलदायी यात्रा के होने जा रहे हैं । अभी तक इस यात्रा में अनेक साधु-संत, विद्वानों सहित अनेक गणमान्य सहित गुरुभक्त,सनातनधर्मी एवं भारत के विभिन्न राज्यों,स्थानों आये भक्तों ने स मिलित हो इस यात्रा कर अपना जीवन धन्य किया। दो दिवसीय यह यात्रा से वही अनंत पूर्ण फल प्राप्त होता है जो गंगा के उद्गम स्थल गंगोत्री से लाये गंगाजल द्वारा दक्षिण में स्थापित रामेश्वरम में स्थापित सा ब सदाशिव के जल अभिषेक से प्राप्त होता है 7 पूज्यपाद श्री गुरुदेव भगवान के शुभाशीर्वाद से यात्रा निरंतर जारी है यह विराट रूप में स्थापित हो चुकी है। महाशिवरात्रि एवं श्रावण मास में यह यात्रा भक्तजन अत्यंत भक्ति भाव उत्साह से करते हैं7 श्रावणमास में भक्तजन कांवड़ में गंगाजल लेकर पैदल चल विभिन्न जत्थों प्रत्येक रविवार को मुण्डारा से मातृधाम होते गुरुधाम तक करते हैं। इसी तारत य में बम-बम भोले गंगाजल कांवड़ यात्रा षष्ठम् चक्र दिनांक 13 अगस्त रविवार को बैनगंगा के उद्गम स्थल मुंडारा से प्रारंभ होगी यह यात्रा छीतापार, गोंडेगांव, सुकतरा होते आनंदवर्धन श्रीराम मंदिर बिहरिया होते गोपालगंज होते हुये वनमार्ग द्वारा बड़कुमारी, गोबरबेली, मोहगांव होते हुये श्रीमाता ललितेश्वरी श्री त्रिपुर सुंदरी मंदिर मातृधाम पहुंचेगी। वहां भक्तजन भोजन एवं रात्रि विश्राम करेंगे दूसरे दिन 14 अगस्त सोमवार को प्रातः कावड़ियां कांवड़ लेकर मातृधाम से करहैया, जमुनिया, खैरी,भाटीवाड़ा, मुंगवानी, सापापार, चौड़ा होते हुये गुरुधाम तक करेंगे7 आज यह कांवड़ यात्रा धार्मिक श्रद्धा और विश्वास का केंद्र बन चुकी है भक्तजन श्रावण मास में पैदल कावड़ यात्रा करते हैं और पुण्य लाभ प्राप्त करते हैं। दिनांक 13 अगस्त रविवार को बम बम भोले गंगाजल कावड़ यात्रा में स मिलित होने का अनुरोध मातृधाम मंदिर समिति, गुरुधाम मंदिर समिति, अध्यात्मिक उत्थान मंडल एवं हिंगलाज सहित सेना सहित सभी गुरु भक्तों किया है तथा इस यात्रा को सफल बनाने में तन-मन -धन से सहयोग करने आग्रह किया है। बम-बम भोले गंगाजल कांवड़ यात्रा इस इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाती है ` योंकि भगवान हरि को प्रिय पुरुषोत्तम मास है और साथ में भगवान शिव का श्रावण मास भी है इसलिए इस यात्रा को करने से हरिहर की भक्ति भी साथ में होगी जो सभी के परम कल्याणकारी होगी 7कांवड़ यात्रा संबंधी समस्त जानकारी हेतु गुरुधाम मंदिर, मातृधाम मंदिर में संपर्क कर सकते हैं।

# मध्यप्रदेश पटवारी भर्ती- हाईकोर्ट ने पूछा, नियुक्तियों पर रोक यों लगाइ

भोपाल। मध्य प्रदेश शासन के राजस्व विभाग के लिए कर्मचारी चयन मंडल भोपाल द्वारा आयोजित पटवारी भर्ती परीक्षा में हाईकोर्ट ने नोटिस जारी करके शासन से पूछा है कि रिजल्ट घोषित हो जाने के बाद नियुक्ति प्रक्रिया पर रोक` यों और किस अधिकार से लगाई गई। उल्लेखनीय है कि गड़बड़ी सामने आने के बाद मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश पर जांच पूरी होने तक प्रक्रिया स्थगित कर दी गई है।

**मु यमंत्री को नियुक्ति स्थगित करने का अधिकार नहीं, हाई कोर्ट में दलील**

जबलपुर के गड़ा इलाके में रहने वाले प्रयागराज नाम के कैंडिडेट ने मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करके सरकार के नियुक्ति स्थगित करने के फैसले को चुनौती दी है। दावा किया है कि मु यमंत्री को भर्ती प्रक्रिया रोकने का अधिकार नहीं है। न्यायालय में याचिकाकर्ता के अधिवक्ता की ओर से दलील दी गई है कि ग्वालियर के ह्त्र्ह्ल ष्ह्लह्म्श्चह्लश्व को लेकर विवाद की स्थिति बनी है। ऐसी स्थिति में केवल विवादित परीक्षा केंद्र के उ मीदवारों को चयन प्रक्रिया से अलग किया जा सकता है लेकिन सभी उ मीदवारों की नियुक्ति को स्थगित करना अनुचित है।

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के विद्वान न्यायाधीश श्री मनिंदर सिंह ने याचिकाकर्ता के अधिवक्ता की दलीलों से सहमत होने के बाद नोटिस जारी करके पूछा है कि, मध्यप्रदेश पटवारी भर्ती परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद नियुक्ति प्रक्रिया को किस कारण से, किसने और किस अधिकार से रोका है। जवाब प्रस्तुत करने के लिए 3 सप्ताह का समय दिया है।

# 41 वर्षो की स्वर्णिम सेवा उपरांत सेवानिवृत्ति के सुअवसर पर हुआ आयोजित बिदाई समारोह

**पीजी कालेज सिवनी प्राचार्य डॉ संध्या श्रीवास्तव व प्रो व्ही वी मिश्रा को दी गई बिदाई**

सिवनी यशोः- इस अवसर पर राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय कुलपति डॉ लीला भलावी जनभागीदारी अध्यक्ष अजय बाबा पाण्डे महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर एस नाग ,वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अरविन्द चौरसिया,पीजी कालेज बालाघाट के प्राचार्य डॉ सिरसाठे सहित अन्य महाविद्यालय के प्राचार्यो की व महाविद्यालय परिवार की गरिमामयी उपस्तिथि में हुआ




सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पूजन अर्चन के उपरांत साल श्री फल व स्मृति चिन्ह भेंट कर स मानित किया गया कार्यक्रम में अजय बाबा पाण्डे ने बताया कि सिवनी पीजी कालेज को अपने अपने विषय मे उचाईयों तक ले जाने का हर संभव प्रयास किये है दोनों ही प्रोफेसर ने और अब 31 जुलाई को अपने कार्य स्थली से स्वेक्षिक सेवानिवृति लेकर सेवानिवृत्त हो रहे है उनके द्वारा किये गए कार्यो का अनुशरण आने वाली पीढ़ी जरूर करें

इस अवसर पर प्रो वि वि मिश्रा जी ने कहा कि इस कॉलेज ने मुझे बहुत कुछ दिया पूरा कालेज उन्नति के शिखर चलायमान रहे यही प्रार्थना करूंगा

इसी कड़ी में अपने उदबोधन में डॉ संध्या श्रीवास्तव ने कहा स्वेक्षिक सेवा निवृत्ति मेरा व्यक्तिगत कारण लेकिन इन 41 वर्षो के कार्यानुभव दौरान मैने जो पाया है वो मेरे लिए अविस्मरणीय रहेगी कठिन परिस्थितियों कई बार लड़खड़ाई लेकिन मैंने जो सीखा अपने अग्रेजो से मन के हारे हार है मन जीते जीत वही किया और समाधान की ओर कार्य करती रही मेरी उपलब्धि में मेरे महाविद्यालय परिवार की अहम सहयोग और भूमिका रही

नई युवा पीढ़ी को एक बात कहना चाहूंगी जब भी जि मेदारियो का मौका मिले उसे पूरी निष्ठा लगन व पर्सनल लाइफ व प्रोफेशनल लाइफ को अलग रखते हुए कार्य करें निश्चित ही सफल होंगे इस अवसर में पीजी कालेज सिवनी व विधि महाविद्यालय परिवार के समस्त सदस्यों की उपस्थिति रही

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लाँग इन करें

https://dainikyashonnati. com

प्ले स्टोर से एप डाउनलोड करें

दैनिक यशोन्नति न्यूज़

बेवसाइड अश्लील विज्ञापन से मुक्त है हर आयुवर्ग के पाठक के लिये उपयोगी बनाने का प्रयास है

# देश में बाघों की सं या बढ़ाने में सिवनी के पेंच टाईगर रिजर्व का है विशेष योगदान

सिवनी यशोः- अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस देश के कई हिस्सों में मनाया जा रहा है। वहीं सिवनी जिले के पेंच टाइगर रिजर्व में बाघों का कुनबा बढ़ते जा रहा है। पेंच नेशनल पार्क की कॉलर वाली बाघिन ने पूरे देश में सिवनी का नाम प्रसिद्ध किया है। वहीं द ग्रेट मॉम की उपाधि भी कलर वाली बाघिन को मिली है। जिसकी मृत्यु पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी शोक जताया था।

वहीं साल 2022 में अखिल भारतीय बाघ गणना का परिणाम स्वरूप इसी साल 9 अप्रैल को प्रधानमंत्री ने टाइगर प्रोजे ट के पचास साल पूरे होने पर जारी किए थे। इसमें साल 2018 के मुकाबले कैमरा ट्रेप में 200 से ज्यादा बाघों की बढ़ोतरी देशभर में दर्ज की गई थी।

अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस पर 29 जुलाई को बाघ गणना की विस्तृत रिपोर्ट जारी होगी। इसमें कैमरा ट्रेप के साथ अन्य विधियों से प्राप्त नतीजों के आधार पर देश में मौजूद कुल बाघों की सं या सार्वजनिक होगी। मध्य भारत क्षेत्र में बाघों की सं या बढ़ाने में सिवनी पेंच राष्ट्रीय उद्यान का विशेष योगदान रहा है।

विशेषज्ञ मानते है कि बाघों का कुनवा बढ़ाने में अनुकूल भौगोलिक परिस्थितियों ने पेंच राष्ट्रीय उद्यान को देश-विदेश में याति दिलाई है। सिवनी जिले के पेंच टाइगर रिजर्व प्राकृतिक वातावरण से परिपूर्ण है। जिसमें जंगल के अंदर नदी पहाड़ घास के मैदान सहित कई ऐसी चीजें हैं जो प्रकृति का संतुलन बनाए रखती है।

जानकारों की माने तो पेंच टाइगर रिजर्व में बाघों की सं या बढ़ने में वातावरण की अहम भूमिका है। बताया जाता है कि पेंच टाइगर रिजर्व की सभी 109 बीटों के साथ ही सामान्य वन क्षेत्र की करीब 40 से ज्यादा बीटों में बाघों की मौजूदगी के साक्ष्य गणना के दौरान पाए गए थे। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि पेंच लैंडस्केप में बाघों की सं या एक सौ को पार कर सकती है। दक्षिण सामान बरघाट प्रोजे ट व पेंच-कान्हा कारीडोर क्षेत्र में 25 से 30 बाघों की उपस्थिति का अंदाजा लगाया जा रहा है। साल 2018 की गणना में पेंच टाइगर रिजर्व में 53 बाघ पाए गए थे। जबकि 2019 में बाघों की सं या 65 बताई गई थी। वयस्क बाघों के साथ ही पेंच टाइगर रिजर्व में बाघों की सं या 25 से 30 होने का अनुमान भी लगाया गया है। ऐसे में गणना के परिणाम चौंकाने वाले होंगे। सिवनी वन वृत के मु य संरक्षक एस. एस. उद्दे का कहना है कि गणना में बाघों की सं या में इजाफा होने के संकेत मिले हैं। लैंडस्केप में बाघों की सं या 100 के पार होने की उ मीद है।

साथ ही पेंच टाइगर रिजर्व के उपसंचालक रजनीश कुमार सिंह का कहना है कि पेंच टाइगर रिजर्व अपनी खूबियों के लिए पूरे देश में खास स्थान रखता है। जंगल की विविधताओं के साथ कारीडोर की भौगोलिक परिस्थितियों से बाघों की लगातार पेंच लैंडस्केप में बढ़ रही है। आज घोषित होने वाली रिपोर्ट में उत्साहजनक परिणाम मिलने की आशा है।

# अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ ने 18 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा




छपारा यशोः-अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ने छपारा नगर के सफाई कर्मियों के साथ 18 सूत्रीय मांगो कि शीघ्र निराकरण किए जाने हेतु प्रदेश के मु यमंत्री के नाम ज्ञापन नगर के सीएमओ श्याम गोपाल भारती को सौपा।

बताया जाता है कि सोमवार 31 जुलाई को शाम 5:00 बजे के आसपास छपारा नगर के समस्त सफाई कर्मियों के हित में अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुजीत गोदरे ने सफाई कर्मियों के हित में 18 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश के मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम ज्ञापन नगर परिषद के सीएमओ श्याम गोपाल भारती को सौपा।

इस ज्ञापन में उन्होंने बताया कि समय-समय पर हमारे संगठन द्वारा पूर्व में भी मांग पत्र प्रस्तुत किए गए हैं,परंतु शासन द्वारा कोई निराकरण अथवा चर्चा तक नहीं की गई है जिससे कि सफाई कर्मचारियों में अत्यधिक रोष व्याप्त है नि नलिखित 18 सूत्रीय मांगों के अंतर्गत उन्होंने कहा कि सफाई कामगारों कि 2005 से पुरानी पेंशन योजना को पुनः बहाल किया जाए एवं प्रदेश की समस्त नगर निगम व नगर पालिका में सफाई ठेका प्रथा समाप्त कर स्थाई भर्ती की जाए, साथ ही प्रदेश के सभी नगर निगम, नगर पालिका, नगर परिषद में सफाई कामगारों को जो वर्तमान समय तक नियमित सफाई मित्र,संविदा, अंशकालीन,रोस्टर या आउट सोर्सेस पद्धति के तहत रखे गए हैं उन सभी को तत्काल नियमितीकरण, स्थायीकरण का लाभ उक्त सफाई कर्मचारी वर्ग को दिया जावे। प्रदेश के सफाई कर्मचारियों द्वारा अपने सेवाकाल में कार्य करते हुए स्वेच्छा सेवा निवृत्ति देकर अपने परिजनों या किसी सदस्य का सफाईदार पद या योग्यता अनुसार उसकी नियुक्ति की जाए। प्रदेश के समस्त नगर निगम, नगर पालिका और नगर परिषद में सफाई कामगार मित्रों के पद से रोस्टर प्रणाली को सफाई कर्मचारी वर्ग के पद से शीथिल किया जाए। साथ ही प्रदेश शासन द्वारा प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड द्वारा भर्ती की जा रही है उसे समाप्त कर सफाई कर्मियों की सीधी भर्ती की जाए। प्रदेश के नगर निगम,नगर पालिका में सफाईदार वर्ग के कर्मचारियों को जो अन्य पदों पर कार्यरत हैं जैसे वाहन चालक,सुपरवाइजर,फायर हेल्पर इत्यादि उनके पद नाम के साथ समान पद समान वेतन का लाभ दिया जाए। प्रदेश शासन द्वारा आदर्श क्रमिक संरचना 2014 को समाप्त किया जाए। प्रदेश में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को अलग-अलग प्रकार का वेतन भुगतान किया जाता है जो पूर्णता गलत है अतः सभी को वर्तमान समय के हिसाब से महंगाई को देखते हुए नियमित कर्मचारियों के आधार पर वेतन भुगतान किया जाए, जिससे परिवार का पालन पोषण हो सके। सेवा निवृत्ति होने पर परिवार के आश्रित एक सदस्य को योग्यता अनुसार नियुक्ति प्रदान की जावे। स्वास्थ्य पर्यवेक्षक, उप स्वास्थ्य पर्यवेक्षक, सेनेटरी इंस्पे टर पदों पर सफाई कर्मी वर्ग से शिक्षित एवम योग्यता के आधार पर पदोन्नति दी जाए एवं सीधी भर्ती में सफाईदार जाति वर्ग को ही प्राथमिकता देकर समान पद समान वेतन दिया जाए। मध्य प्रदेश की समस्त नगर पालिका, नगर निगम, नगर परिषद के अंतर्गत कार्यरत सफाई कर्मचारियों पिता,पति,पत्नी में से सेवा में रहते हुए आकस्मिक मृत्यु हो जाती है तो उस परिवार के किसी एक बालिग सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जाए। प्रदेश शासन द्वारा बजट प्रावधान के अंतर्गत चुंगी क्षतिपूर्ति राशि नगर निगम, नगर पालिका को दी जाती थी उसकी पुनः बहाली की जाए जिससे सफाई कर्मचारियों को दी जाने वाली सुविधाओं में व्यवधान उत्पन्न ना हो,संचनालय के आदेशानुसार अप्रैल 2000 के तहत सफाई कामगारों का वेतन प्रत्येक माह की 5 तारीख तक भुगतान किए जाने संबंधी निर्देश प्रसारित किए गए थे उक्त आदेश की नगर पालिका,नगर निगम एवं नगर परिषद द्वारा अवहेलना की जाती रही है समय पर कर्मचारियों को वेतन नहीं दिया जा रहा है आदेश का कड़ाई से पालन ना होने पर जि मेदार अधिकारी के ऊपर दंडात्मक कार्यवाही का प्रावधान जारी किया जाए। सफाई कामगारों के भविष्य निधि काटे जाने के संबंध में शासन द्वारा स त निर्देश दिए गए हैं जिसका पालिका, परिषद, नगर निगम में पालन नहीं किया जा रहा है कई जगहों पर सफाई कर्मचारियों का भविष्य निधि काटा ही नहीं जा रहा है और कई जगह काटा जा रहा है जो जमा नहीं किया जा रहा है ऐसी स्थिति में जवाब देह अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। नगरों के विस्तारीकरण एवं बढ़ती जनसं या को दृष्टिगत रखते हुए नगर की सफाई व्यवस्था हेतु कामगारों के पदों में बढ़ोत्तरी की जाए। प्रदेश में सभी नगर निगम, पालिका, परिषदों में सफाई कर्मचारियों से राष्ट्रीय त्यौहार पर सफाई कार्य कराया जाता है जबकि नगर पालिका,नगर निगम में अन्य विभागों के कर्मचारियों को अवकाश प्रदान किया जाता है जो सफाई कर्मचारियों के प्रति अन्याय हैं यदि त्यौहार पर सफाई कर्मचारियों से कार्य करवाया जाता है तो सभी सफाई कर्मचारियों का विशेष भत्ता प्रदान किया जाए। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त विकास निगम की भांति मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रदेश में भी सफाई कर्मचारी वित्त विकास निगम गठित किया जाए। उक्त नि नलिखित 18 सूत्री मांगों का निराकरण हेतु संगठन ने ज्ञापन सौंपा है। वही जिला अध्यक्ष सुजीत गोदरे द्वारा कहां गया कि यदि प्रदेश सरकार इन 18 सूत्री मांगों को पूरा नहीं करेगी तो आगामी समय में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल सफाई कामगारों द्वारा की जाएगी।

# नव मतदाताओं को पार्टी से जोड़कर सदस्यता का कीर्तिमान स्थापित करेगा युवा मोर्चा

**युवा मोर्चा की बैठक को प्रदेश अध्यक्ष, संगठन महामंत्री, मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष ने किया संबोधित**




भोपाल। हमारी सरकार ने युवाओं के लिए अनेक योजनाएं शुरू की हैं। इन योजनाओं से लाभान्वित युवाओं से सतत् संपर्क करना, हर वर्ग की युवा प्रतिभाओं को पार्टी की विचारधारा से जोड़ना युवा मोर्चा का प्रमुख लक्ष्य होना चाहिए। जो छात्र-छात्राएं किसी योजना के लिए पात्र हैं और उन्हें लाभ नहीं मिला है तो युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उन छात्रों की मदद के लिए तत्पर रहें तथा नवीन मतदाताओं के लिए पार्टी की सदस्यता का अभियान चलाए। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने युवा मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों की बैठक को संबोधित करते हुए कही। बैठक को संगठन महामंत्री श्री हितानंद जी, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्री वैभव पंवार ने भी संबोधित किया। बैठक में वक्ताओं ने विश्वास जताया कि आगामी समय में युवा मोर्चा नव मतदाताओं को पार्टी से जोड़कर सदस्यता का कीर्तिमान स्थापित करेगा।

**नव मतदाताओं से संपर्क और संवाद करें मोर्चा कार्यकर्ताः विष्णुदत्त शर्मा**

प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि युवा मोर्चा कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर जाएं और नए मतदाताओं से संपर्क व संवाद स्थापित करें। उन्हें मिस्टर बंटाढार और करप्शन नाथ की सरकारों के काले कारनामों से अवगत कराएं। इसके साथ ही उन्हें यह भी बताएं कि किस तरह कांग्रेस सरकार के दौरान बीमारू राज्य रहे मध्यप्रदेश को भाजपा की सरकार ने समृद्ध मध्यप्रदेश बना दिया है। उन्हें 2003 के पहले के मध्यप्रदेश और आज के विकसित मध्यप्रदेश के बीच का अंतर भी बताएं। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने जो 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान की बात कही है, उसमें बढ़-चढ़कर सहभागिता करें एवं अपने आसपास के लोगों से अपील कर इस अभियान से जुड़ने का आग्रह करें।

**पूर्व पदाधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर रणनीति तय करें मोर्चा कार्यकर्ताः हितानंद जी**

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद शर्मा ने कहा कि युवा मोर्चा के वर्तमान पदाधिकारी अपने मंडल और बूथ में निवासरत युवा मोर्चा के पूर्व पदाधिकारियों से संवाद करें उनसे मार्गदर्शन लें एवं उनके साथ टिफिन बैठक कर आगामी चुनाव हेतु रणनीति तय करें। श्री हितानंद जी ने कहा कि युवा मोर्चा कार्यकर्ता रचनात्मकता के साथ ऐसे स्थानों को चिन्हित करें जहां पर युवाओं का एकत्रीकरण सर्वाधिक होता है। वहां उनसे सरकार की योजनाओं व नीतियों पर चर्चा करें। यदि कोई व्यक्ति पात्र है तो उन्हें योजना का लाभ दिलाने का कार्य करें। जो युवा हमारी विचारधारा से जुड़ना चाहते हैं, उन्हें जोड़ने का काम करें।

**युवाओं की सदस्यता का कीर्तिमान बनाएगा मोर्चाः वैभव पवार**

बैठक में युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्री वैभव पवार ने युवा मोर्चा के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने विश्वास दिलाया कि मध्यप्रदेश में युवा मोर्चा नव मतदाताओं एवं विभिन्न विधाओं के युवाओं की सदस्यता का कीर्तिमान स्थापित करेगा। श्री वैभव पवार ने कहा कि युवा मोर्चा कार्यकर्ता अभी से लेकर मतदान संपन्न हो जाने तक पूर्णकालिक कार्यकर्ता की भांति सतत् संगठन का कार्य करेंगे। श्री पंवार ने जानकारी दी कि अगस्त में युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री तेजस्वी सूर्या भी भोपाल के दो दिवसीय प्रवास पर आएंगे।

# लाड़ली बहना योजना के कम कैंप पर नाराज हुये कले टर

### समय सीमा बैठक में जारी कारण बताओं नोटिस दिये

सिवनी यशोः- कले टर क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता में मंगलवार 01 अगस्त को कले ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी पंवार नवजीवन विजय, अपर कले टर सीएल चनाप सहित, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिवनी सहित सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति रही साथ ही विकासखण्डस्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े।

कले टर श्री सिंघल ने सीएम हेल्पलाईन, समय सीमा में दर्ज प्रकरणों, पीजी पोर्टल में 50 एवं 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने विभागवार लंबित प्रकरणों का अवलोकन कर संबंधित अधिकारी को त्वरित शिकायतों पर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कले टर श्री सिंघल विभागाधिकारियों को जनसुनवाई के आवेदनों पर सात दिवस के भीतर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए निराकरण दर्ज करने के निर्देश दिए। इसी तरह उन्होंने जन शिकायत, सीएम मॉनिट, माननीय सांसद एवं विधायकगणों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के पत्रों पर विभाग द्वारा की गई कार्यवाही की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकरियों को दिए।

कले टर श्री सिंघल ने मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत विकासखण्डवार एवं निकाय वार आयोजित कैंपों तथा आवेदनों की समीक्षा करते हुए नगरपालिका बरघाट में कम सं या में कैंप आयोजित होने पर नाराजगी व्यक्त की तथा सीएमओ बरघाट को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसी तरह सीएमओ तथा सीईओ जनपदों को योजना अंतर्गत पर्याप्त कैंप आयोजित करने तथा योजना का प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। कले टर श्री सिंघल ने 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के जिलास्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर भी समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।

# विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा निकाली जा रही रथ यात्रा का जगह-जगह किया जा रहा स्वागत



सिवनी यशोः- मंगलवार, 01 अगस्त को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा निकाली जा रही विधानसभा रथयात्रा का क्षेत्रांतर्गत जगह- जगह स्वागत किया जा रहा है।

ज्ञात होवे कि विधायक श्री राय द्वारा सिवनी नगर की ऐतिहासिक धरोहर दलसागर तालाब के टापू पर आदिवासी गौरव राजा दलपत शाह जी की आदमकद प्रतिमा स्थापित कराई जा रही है। तथा प्रतिमा स्थल पर देवस्थानों से एकत्र की गयी पवित्र मिट्टी रखी जाएगी। जिस हेतु श्री राय द्वारा क्षेत्रांतर्गत विधानसभा रथ यात्रा निकाल पवित्र मिट्टी एकत्र की जा रही है। विधानसभा रथयात्रा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार प्रातः 10:30 बजे विधायक श्री राय ने ग्राम लोनिया में पूजन उपरांत यात्रा प्रारंभ कर भाजपा मंडल लखनवाड़ा के ग्राम ढेकी, तिघरा, परतापुर, कोनियापार, ब होरी, फरेंदा, लखनवाड़ा, पिंडरई, संगई, गंगई, सरगापुर, कारीरात, भण्डारपुर, चांवडी, खमरिया, थरेली, गोबरबेली, मेहगांव, ऐरपा, कातलबोडी, बघौडी, मरझोर, सिमरिया, पलारी, बटवानी, सीलादेही, नंदौरा, जमुनिया, बघराज एवं खापा आदि 31 ग्रामो में रथयात्रा लेकर पहुंचे ग्रामीणों से देवठानों व देवभूमि की पवित्र मिट्टी कलश मे एकत्र किया। इसके अलावा श्री राय ने ग्राम पिंडरई, मरझोर में जल जीवन मिशन के कार्यो एवं ग्राम ऐरपा मे टीन शेड का भूमिपूजन व सभामंच का लोकार्पण किया। इस दौरान विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी के विधानसभा रथयात्रा लेकर उक्त ग्रामों मे पहुंचने पर जगह- जगह ग्रामीणों जनों द्वारा फूल मालाओं से आत्मीय स्वागत कर कलश मे देवस्थानों की पवित्र मिट्टी डाली गयी। इस अवसर पर सर्वश्री संतोष अग्रवाल वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष भाजपा, श्रीमती किरण भलावी अध्यक्ष जनपद पंचायत सिवनी, नितेन्द्र गुड्डू बघेल, बेनीराम चंद्रवंशी मंडल महामंत्री, घनश्याम सराठे वन समिति अध्यक्ष, दुर्गेश चक्रवर्ती मंडल अध्यक्ष भाजयुमो, हरिशंकर साहू सरपंच, मदन मर्सकोले सरपंच, मनीष बघेल, हितेश सूर्यवंशी उपसरपंच, कोमल बघेल जनपद सदस्य, हरनाम सिंह बघेल, शरद सूर्यवंशी भाजयुमो उपाध्यक्ष, नीलम उइके, एसटी मोर्चा अध्यक्ष, अरुण सूर्यवंशी, पप्पू चौधरी, परसराम सनोडिया, नीतेश सनोडिया, पंजू अहिरवार, शमीम अंसारी, श्याम ब्र हवंशी, श्रीमती रु मणी सनोडिया, सरस्वती सनोडिया, शारदा सनोडिया, कीर्ति सनोडिया, छाया लालेश्वर, सुनीता सतनामी , रजनी लालेश्वर, छोटी बाई रंगारे, शीला रंगारे, रंजीता शिववंशी, अटल बघेल, राहुल सनोडिया , हरिगिरी गोस्वामी, सुरेन्द्र शेरु माल्या, विक्की बघेल, रुपराम बघेल , पदम सनोडिया , चेतराम डहेरिया , जेष्ठ-श्रेष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं सहित बडी सं या मे ग्रामीण जनों की गरिमामय उपस्थिति रही।

# बिछिया क्षेत्र में 60.62 लाख के कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

मण्डला यशोः- विकास पर्व के अंतर्गत ग्राम पंचायत राता (स मिलित ग्राम पंचायत, तिलरी, चरगांव, धुतका, काताजर, बरसबपुर) में लोकापर्ण एवं भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर सार्वजनिक कूप बगासपुर राता के लिए स्वीकृत राशि 5.9 लाख का (लोकार्पण), सीसी रोड मेनरोड से भादू भरावी के घर कपोटबहरा राता के लिए स्वीकृत राशि 5 लाख का (भूमिपूजन), बांउड्रीवाल निर्माण आरोली तिलरी के लिए स्वीकृत राशि 4.51 लाख का (भूमिपूजन), स्टाप डेम निर्माण कोहानाला छिछारी के लिए स्वीकृत राशि 14.00 लाख का (लोकार्पण), स्टाप डेम निर्माण धनेश्वर के खेत के पास धुतका स्वीकृत राशि 15 लाख (लोकार्पण), बरबसपुर बंजर नदी बामनघाट भू संरक्षण कार्य स्वीकृत राशि 13 लाख (भूमिपूजन), रामदयाल के घर से चबूतरा तक सीसी सड़क निर्माण कार्य काताजर स्वीकृत राशि 3.95 लाख इस प्रकार कुल 60.62 लाख के कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनपद सदस्य, सरपंच/उपसरपंच ग्राम पंचायत राता, तिलरी, बरबसपुर, धुतका, चरगांव, काताजर एवं प्रभारी अधिकारी बद्रीप्रसाद सैयाम, पंचायत समन्वयक अधिकारी एवं ग्राम पंचायत राता, तिलरी, बरबसपुर, धुतका, चरगांव, काताजर के स्थानीय ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अंतर्गत प्रेसवार्ता आज

मण्डला। कार्यालय कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार फोटो निर्वाचक नामावली का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 के संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रमानुसार 2 अगस्त 2023 को प्रत्येक मतदान केन्द्र पर निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन किया जाएगा। 2 अगस्त 2023 को प्रातः 10:45 बजे से कले ट्रेट के गोलमेज सभाकक्ष में प्रेसवार्ता का आयोजन किया जाएगा। जिले के मीडिया प्रतिनिधि प्रेसवार्ता के लिए सादर आमंत्रित हैं।

## जिले में 699.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

सिवनी यशोः- भू-अभिलेख कार्यालय सिवनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 1 जून 23 से 01 अगस्त 23 तक जिले में 699.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। विकासखंडवार वर्षा की प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 अगस्त तक विकासखंड सिवनी में 626.5 मि.मी, कुरई में 541.0 मि.मी., बरघाट में 727.0 मि.मी., केवलारी 512.2 मिमी, छपारा 621.0 मि.मी, लखनादौन में 1059.4 मिमी, धनौरा में 799.9 मिमी एवं घंसौर में 708.0 मिमी. वर्षा, इस प्रकार कुल 5595.0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। ज्ञात हो विगत वर्ष 01 अगस्त को 23 को जिले में कुल 5779.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई थी।

# मंडला विधानसभा क्षेत्र के लिए से टर अधिकारियों को मतदान केन्द्र आवंटित

मण्डला यशोः- कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्र.-107 मंडला के लिए से टर अधिकारियों की नियुक्ति के आदेश जारी कर दिए हैं। जारी आदेश के तहत प्राचार्य आईटीआई नैनपुर केएस वरकड़े को 9, सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सतीशकुमार रंगारे को 13, परि.अधि.म.बा.वि. अनूप नामदेव को 12, जि.शि.अधि. सुनीता बर्वे को 10, सहा.परि.सम. हीरेन्द्र वर्मा को 10, सहा.यं.जि.शि.कें. सुरेन्द्र यादव को 12, सहा.परि.सम. मनीष दुबे को 11, उपयंत्री जल संसा.वि. तीरेन्द्र धुर्वे को 8, वन क्षेत्र.प.सा.व.मं. श्वाति यादव को 11, परि.अधि.म.बा.वि.नैनपुर रेखा सैयाम को 12, वन क्षे.उ.मंडला सीमा मरावी को 12, वन क्षेत्र.उत्पादन श्रुतिबाला ठाकुर को 9, सहा.वनरक्षक उत्पादन वनमंडल सीमा ठाकुर को 11, सहा.संचा.कृषि आरडी जाटव को 10, उपयंत्री जन.पंचा. विश्वयाम को 12, जि.प्रबं.एमपी एग्रो रेनू मरावी को 11, एई कृषि विभाग प्रियंका मेश्राम को 10, सहा.यंत्री ललिता कोटेकार को 13, वनक्षेत्रपाल सा.वनमंडल अश्विनी सोनी को 12, वनक्षेत्रपाल उत्पादन हंसराज चौहान को 13, वन क्षेत्र.प.सा.वनमंडल आशुतोष चंद्रवंशी को 13, वनक्षेत्रपाल प.सा.वनमंडल प्रिवेश वराडे को 14, कार्य.यं.जल संसा. धनंजय कुशराम को 15, वनक्षेत्र.मोहगांव परि. सीएल झारिया को 13, महा.प्रबं.जि.सह.बैं. एनके कोरी को 7, उपयंत्री जल संसा.वि.मुन्नालाल पटेल को 15 तथा वन क्षेत्र.उत्पा.वनमंडल दारासिंह बघेल को 10 मतदान केन्द्र आवंटित किए गए है। रिजर्व के रूप में उपयंत्री विकास कुमार हरदाहा, प्रमोद उपाध्याय, एचके कुरैशी, तेजसिंह वर्मा, अखिलेश पन्द्रे, मोहनलाल झारिया और राकेश कुमार साहू को रखा गया है।

# विकास पर्व: विधायक मंडला ने किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन



मंडला यशोः- जनपद पंचायत नैनपुर की ग्राम पंचायत कलस्टर में विधायक देवसिंह सैयाम की अध्यक्षता में विकास पर्व मनाया गया। ग्राम पंचायत जामगांव में भीमकुंड तथा बहेरा टोला में रंगमंच निर्माण का भूमिपूजन एवं भीमकुंड नाला में पक्का घाट निर्माण व स्मार्ट लास जामगांव का लोकार्पण किया गया। ग्राम पंचायत धतूरा, केरेगांव में विधायक निधि से रंगमंच, ग्राम पंचायत देल्हा में पक्का घाट निर्माण, ग्राम पंचायत चीचगांव में सीमेंट सड़क निर्माण, ग्राम पंचायत बोरीपीपरडाही में पुलिया निर्माण कुल 37.50 लाख के कार्यों की सौगात दी गई। विकास पर्व कार्यक्रम में ग्राम पंचायत जामगांव, धतूरा, केरेगांव, चीचगांव, बोरीपीपरडाही एवं देल्हा के सरपंच व जनप्रतिनिधि तथा बड़ी सं या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# विधानसभा निर्वाचन: निवास विधानसभा क्षेत्र के लिए से टर अधिकारियों को मतदान केन्द्र आवंटित

मण्डला यशोः- कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रं.-106 निवास के लिए से टर अधिकारियों की नियुक्ति के आदेश जारी कर दिए हैं। जारी आदेश के तहत प्रबंधक बीके पाठक को 1, वरि.उप पंजीयक आरआर ताराम को 13, एपीसी केके उपाध्याय को 12, जिला रेशम अधिकारी चितेन्द्र द्विवेदी को 13, एई आशुतोष गुप्ता को 9, उपयंत्री अखिलेश्वर प्रसाद पांडे को 12, उपयंत्री मु तार अहमद खान को 12, परियोजना अधिकारी संजीव मोहर को 14, अधीक्षक आईटीआई अवधेष राज को 11, परियोजना अधिकारी मनीषा तिवारी को 14, उपयंत्री अभिषेक प्रकाश शर्मा को 7, उपयंत्री विवेक तेकाम को 11, श्रम पदाधिकारी डीके जैन को 12, खादी ग्रामोद्योग अधिकारी एसके डेकाटे को 14, प्रभारी अविअ मणिशंकर गौतम को 11, उपयंत्री गोविंदा सोलंकी को 11, जिला प्रबंधक बीएल सोलंकी को 9, जिला मलेरिया अधिकारी रमाशंकर साहू को 9, उपयंत्री रामस्वरूप अहिरवार को 9, ईई पीडब्ल्यूडी शारदा सिंह को 8, जिला रोजगार अधिकारी एसएल सैयाम को 10, उपयंत्री डीके वरकड़े को 11, उपयंत्री नंदकिशोर डहेरिया को 12, उपयंत्री एमएल झारिया को 10, उपयंत्री संतोष कोहले को 10, जिला विपणन अधिकारी केआर परतेती को 9, उपयंत्री एसके चतुर्वेदी को 11, उपयंत्री दिनेश कुमार उईके को 12, जीएमडीआईसी एनके वास्कले को 9, ईईपीएचई मनोज भास्कर को 7, एई मूलचंद मरावी को 4, उपयंत्री विजय झारिया को 4 मतदान केन्द्र आवंटित किए गए हैं। रिजर्व के रूप में उपयंत्री सुनील कुमार शु ला, उपयंत्री संजय सर्वे, राजेन्द्र कुमार साहू, गौरव कुमार साहू, भूमेश्वर गौतम, संदीप मिश्रा तथा महेश प्रसाद मिश्रा को रखा गया है।

# बिछिया, मंडला एवं निवास क्षेत्र के से टर अधिकारी 3 से 10 अगस्त तक अपने क्षेत्र के भ्रमण पर रहेंगे - जिला निर्वाचन अधिकारी



मंडला यशोः- कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने आगामी विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर सोमवार को बिछिया, मंडला एवं निवास विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त किए गए प्रशासन एवं पुलिस के से टर अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने निर्देशित किया कि 2 अगस्त को निर्वाचक नामावली का प्रकाशन किया जाना है। सभी से टर अधिकारी इस दौरान अपने क्षेत्र में उपस्थित रहेंगे। साथ ही 3 से 10 अगस्त तक अपने भ्रमण पर रहते हुए निर्वाचक नामावली से जुड़े कार्यों को पूर्ण कराएंगे। कले टर ने निर्देशित किया कि प्रशासन एवं पुलिस के से टर अधिकारी अपने भ्रमण के दौरान पुनः क्रिटिकलेटी एवं वल्नरेबलिटी का परीक्षण कर कारणों का स्पष्ट उल्लेख करते हुए एवं निर्धारित प्रपत्र में रिपोर्ट देंगे। उन्होंने कहा कि नए मतदान केन्द्रों के परिवर्तन की जानकारी उस क्षेत्र की जनता को ज्यादा से ज्यादा देना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही समय-समय पर मतदान के महत्व एवं मतदाता जागरूकता से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन भी करें। इस दौरान कले टर ने से टर अधिकारियों द्वारा किए गए भ्रमण की बिन्दुवार रिपोर्ट ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों का अध्ययन करें। प्रत्येक मतदाता को उनके मतदान केन्द्र तथा बीएलओ की जानकारी भी दें।

**12 एवं 13 तथा 19 एवं 20 अगस्त को लगेंगे विशेष कै प**

कले टर ने प्रशासन एवं पुलिस के से टर अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्रों के भ्रमण के दौरान पूर्व के चुनावों की घटनाओं, संवेदनशीलता की जानकारी स्थानीय लोगों से अनिवार्यतः लें। उन्होंने बताया कि निर्वाचक नामावली से जुड़े कार्यों के लिए 12 व 13 तथा 19 एवं 20 अगस्त को विशेष कै प का आयोजन होगा। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने सभी से टर अधिकारियों को क्रिटिकलिटी एवं वल्नरेबलिटी के संबंध में विस्तार से जानकारी दी और निर्देशित किया कि अपने क्षेत्र की संपूर्ण जानकारी जरूर रखें। जिला पंचायत सीईओ श्रेयान्स कूमट ने बैठक में मतदान केन्द्रों पर जरूरी सुविधाओं की विस्तार से जानकारी दी और निर्देशित किया कि से टर अधिकारी भ्रमण के दौरान अपने क्षेत्र के मतदान केन्द्र में पानी, बिजली, 2 दरवाजे, रे प, व्हीलचेयर, शौचालय एवं साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

# जेईई और नीट की तैयारी के लिए शुरू हुआ ज्ञानार्जन 2.0

**कले टर ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को किया प्रेरित**

**प्रातः 7 बजे से उत्कृष्ट विद्यालय में शुरू होगी कक्षाएं**



मंडला यशोः- जिला प्रशासन द्वारा जेईई और नीट की कोचिंग के लिए ज्ञानार्जन कार्यक्रम का द्वितीय चरण 1 अगस्त से प्रारंभ किया जा रहा है। इसी क्रम में सेमरखापा ओडोटेरियम परिसर में कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने जेईई एवं नीट की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों से बात की एवं उन्हें तैयारियों के संबंध में आत्मीय मार्गदर्शन दिया। इस दौरान विद्यार्थियों के अभिभावक भी उपस्थित थे। कले टर ने विद्यार्थियों को मोटिवेट करते हुए कहा कि वर्तमान समय में कॉ पीटिशन टफ है किन्तु सभी स्मार्ट मेहनत करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि 1 अगस्त से प्रारंभ हो रही कक्षाओं में सभी विद्यार्थी समय पर पहुँचे। शिक्षकों का स मान करें। उन्होंने अभिभावकों से भी कहा कि अपने बच्चों की परेशानियों को समझें और उन्हें यथासंभव दूर करने का प्रयास करें। सभी अभिभावक अपने बच्चों के अच्छे दोस्त बनते हुए एवं उनकी कठिनाइयों को समझें, उन्हें प्रोत्साहित करें तथा जीवन में आगे बढ़ाएं।

**उपलब्ध कराई जाएगी स्तरीय नोट्स**

कले टर ने अपने संबोधन में बताया कि ज्ञानार्जन 2.0 के लिए श्रेष्ठ शिक्षकों की टीम तैयारी की गई है। जिला प्रशासन द्वारा तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को स्टेशनरी, किताबें, टेस्ट सामग्री एवं अन्य प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि तैयारी के दौरान बायजू, फिजि सवाला, एलन जैसी अन्य प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थाओं का मटेरियल उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही समय-समय पर विद्यार्थियों की बेहतर तैयारी के लिए अच्छे स्तर के टेस्ट भी आयोजित किए जाएंगे। कले टर ने कहा कि सभी विद्यार्थी मेहनत एवं ईमानदारी के साथ तैयारी में जुटें। टेस्ट परीक्षाओं में शामिल हों तथा किसी भी प्रकार की कठिनाई होने पर अपने शिक्षकों से बेझिझक डाउट लीयर करें। जिला पंचायत सीईओ श्रेयान्स कूमट ने भी ज्ञानार्जन 2.0 की तैयारी में शामिल हो रहे बच्चों को प्रोत्साहित किया और कहा कि 1 अगस्त से प्रारंभ हो रहे इस अभियान में सकारात्मकता के साथ सभी शामिल हो। उन्होंने कहा कि काम को प्रारंभ कर लेना अपनी मंज़िल का आधा सफ़र तय करने के समान है।

**ज्ञानार्जन 2.0 के नोडल अर्थ जैन ने दिलाई शपथ**

1 अगस्त से जेईई एवं नीट की तैयारी के लिए प्रारंभ किए जा रहे ज्ञानार्जन 2.0 के नोडल अधिकारी सहायक कले टर अर्थ जैन ने इस अवसर पर उपस्थित बच्चों को अपने मिशन में आगे बढ़ने एवं तैयारी के दौरान अपना सर्वश्रेष्ठ देने का संकल्प दिलाया। 1 अगस्त से प्रारंभ होने वाली कक्षाएं उत्कृष्ट विद्यालय मंडला में प्रातः 7 बजे से आयोजित होगी। इस तैयारी में जिले के 4 स्कूलों से प्रारंभिक टेस्ट परीक्षा के बाद 120 विद्यार्थियों का चयन किया गया है जिनमें जेईई के 55 एवं नीट के 65 विद्यार्थी शामिल हैं। समय-समय पर इन कक्षाओं में विषय-विशेषज्ञ भी आमंत्रित किए जाएंगे। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा विभाग, आदिवासी विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं संबंधित उपस्थित थे।

# निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन 2 अगस्त को

**12, 13, 19 एवं 20 अगस्त को विशेष अभियान, अंतिम प्रकाशन की तिथि 4 अ टूबर 2023**

मण्डला यशोः- भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 1 अ टूबर 2023 की अर्हता तिथि के आधार पर फोटो निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष पुनरीक्षण के तहत निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन 2 अगस्त को प्रत्येक मतदान केन्द्र पर किया जाएगा।

इस संबंध में जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मतदान केन्द्र स्तर पर नामावली का प्रारूप प्रकाशन के उपरांत बीएलओ द्वारा 2 अगस्त से 31 अगस्त 2023 तक दावे-आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी, जिनका निराकरण 22 सित बर 2023 तक किया जाएगा। पुनरीक्षण के संबंध में 12, 13, 19 एवं 20 अगस्त को विशेष अभियान संचालित होंगे।

से टर ऑफिसर 3 अगस्त 2023 से 10 अगस्त 2023 के मध्य उन्हें आवंटित मतदान केन्द्रों पर संबंधित बीएलओ की उपस्थिति में निर्वाचक नामावली का वाचन करेंगे। इस दौरान क्षेत्र के अधिक से अधिक मतदाताओं की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। 5 जनवरी 2023 से अभी तक निरसित (डिलीट) किए गए मतदाताओं का सत्यापन भी से टर अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। यदि किसी मतदाता का नाम त्रुटिवश निरसित होना पाया जाता है तो उस संबंध में पूर्ण परीक्षण उपरांत नाम जोड़ने हेतु नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 4 अ टूबर 2023 को किया जाएगा।

## राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की पदस्थापना

मण्डला यशोः- कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने अन्य जिले से मंडला जिले में स्थानांतरित हुए राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के पदस्थापना संबंधी आदेश जारी कर दिए हैं। जारी आदेश के अनुसार संयुक्त कले टर अरविंद कुमार सिंह एवं चरणलाल वर्मा को जिला कले टर कार्यालय मंडला, संयुक्त कले टर ऋषभ कुमार जैन को अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मंडला, संयुक्त कले टर मोह मद शाहिद खान को अनुविभागीय अधिकारी (रा.) निवास, संयुक्त कले टर जगदीश प्रसाद यादव को अनुविभागीय अधिकारी (रा.) नैनपुर में पदस्थापित किया गया है। प्रभारी डिप्टी कले टर/अनुविभागीय अधिकारी (रा.) निवास श्रीमती क्षमा सराफ को जिला कार्यालय मंडला के साथ-साथ अतिरिक्त मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मंडला एवं उपसंचालक सामाजिक न्याय का दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार प्रभारी डिप्टी कले टर/अनुविभागीय अधिकारी (रा.) नैनपुर लालसिंह जगेत को जिला कले टर कार्यालय मंडला में पदस्थापित किया गया है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297